हरिभूमि
# रायपुर भूमि

### ऐसी है विषयवार संख्या

कक्षा-बारहवीं

| विषय | बालक | बालिका | कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| कला | 41467 | 54846 | 96313 |
| विज्ञान | 33850 | 61624 | 95474 |
| वाणिज्य | 22250 | 22185 | 44435 |
| कृषि | 5583 | 3901 | 9484 |
| फाइन आर्ट्स | 41 | 36 | 77 |
| गृह विज्ञान | 3 | 312 | 315 |
| योग | 1,03,194 | 1,42,904 | 2,46,098 |

# गृह विज्ञान में केवल 3 बालकों ने लिया प्रवेश
# कला संकाय में विज्ञान-वाणिज्य से अधिक छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रायोगिक परीक्षाएं 20 जनवरी को समाप्त हो जाएंगी। कुछ स्कूलों में यह बीते सप्ताह से ही संपन्न हो चुकी हैं। इसके साथ ही आज से जिले में प्री बोर्ड प्रारंभ हो जाएंगे और अगले माह से दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। इस बार बारहवीं कक्षा में होमसाइंस की परीक्षा में सिर्फ 3 बालक ही शामिल होंगे। गृह विज्ञान का चयन करने वाली शेष 312 सभी बालिकाएं हैं। बारहवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से तथा दसवीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ होंगी। दसवीं की परीक्षा में इस बार 3 लाख 21 हजार 489 छात्र शामिल होंगे। वहीं बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 46 हजार 98 विद्यार्थी बैठेंगे। इन छात्रों के लिए प्रदेश में 2514 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों की सूची जिला शिक्षा कार्यालयों को पहले ही प्रेषित की जा चुकी हैं। सत्र के प्रारंभ में दाखिले के दौरान छात्रों में गणित को लेकर भय देखा गया था। ना केवल महाविद्यालयीन स्तर बल्कि विद्यालयीन स्तर पर भी यह ट्रेंड दिख रहा है। कक्षा बारहवीं में इस बार विज्ञान और वाणिज्य संकाय की तुलना में कला संकाय में छात्रों ▶▶|शेष पेज 11 पर

अलग खबर

- दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 21 हजार 489 छात्र होंगे शामिल
- 2,46,098 विद्यार्थी दिलाएंगे बारहवीं की परीक्षा, इनके लिए राज्य में बनाए गए हैं 2514 सेंटर



### फाइन आर्ट्स में 77 छात्र

बारहवीं कक्षा में सबसे कम दर्ज संख्या फाइन आर्ट्स में है। इनमें संगीत, पेंटिंग सहित कलात्मक विषय आते हैं। इसी तरह गृह विज्ञान में दर्ज संख्या 315 है। इनमें मात्र 3 बालक हैं। सामान्यतः प्रतिवर्ष यही स्थिति रहती है। लड़कों की तुलना में लड़कियां अधिक संख्या में गृह विज्ञान लेकर पढ़ाई करती हैं। ‹कृषि में बालकों की संख्या अधिक है। 9484 छात्रों ने कृषि संकाय लेकर हायर सेकंडरी की पढ़ाई की है। इनमें से 5583 बालक तथा शेष 3901 बालिकाएं हैं।

# प्रवेशपत्र में दर्ज होगी न्यूनतम अंक सहित अन्य जानकारियां

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के प्राइवेट छात्रों की बोर्ड परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। छात्र अपने एडमिट कार्ड सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। एग्जाम हॉल में प्रवेश करने के लिए एडमिट कार्ड अनिवार्य है। एडमिट कार्ड पर 10वीं और 12वीं के सब्जेक्ट्स की डिटेल जानकारी दी गई है. जिसमें प्रत्येक सब्जेक्ट के थ्योरी मार्क्स, प्रैक्टिकल मार्क्स, टोटल मार्क्स और मिनिमम पासिंग मार्क्स जैसी जानकारियां शामिल हैं। सीबीएसई ने छात्रों को सलाह दी है कि वे एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के बाद उस पर दी गई सभी जानकारियों को ध्यानपूर्वक जांच लें। यदि नाम, विषय, परीक्षा केंद्र या किसी अन्य विवरण में कोई गलती नजर आती है, तो तुरंत बोर्ड या संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें, ताकि समय रहते सुधार किया जा सके।

- छात्रों को परेशानियों से बचाने व्यवस्था

### वैध फोटो पहचान पत्र जरूरी

परीक्षा के दिन छात्रों को एडमिट कार्ड के साथ एक वैध फोटो पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड या स्कूल आईडी, जरूर साथ ले जाना होगा। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि छात्रों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचना अनिवार्य है और परीक्षा से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षाएं छात्रों के शैक्षणिक भविष्य में अहम भूमिका निभाती हैं, इसलिए छात्रों को पूरी तैयारी, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल होने की सलाह दी गई है।

## खबर संक्षेप

### चार दुकानों का ताला तोड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** गंज थाना के व्यवसायिक क्षेत्र नर्मदापारा के चार दुकानों का ताला तोड़कर पौने दो लाख रुपए नकदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने नकदी रकम तथा अन्य कीमती सामान जब्त किया है। दुकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने सिलयारी के रहने वाले शिवम वर्मा तथा राजेश सौंरा को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों ने 13 जनवरी को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चार दुकानों का ताला तोड़कर चोरी की थी।

### रंगदारी मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने रंगदारी कर अवैध वसूली तथा मारपीट करने के आरोप में एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने डरा-धमकाकर वसूली करने के आरोप में शास्त्री चौक निवासी अयान खान को गिरफ्तार किया है। अयान के खिलाफ एक युवक ने 16 दिन पूर्व शास्त्री बाजार शराब दुकान के पास मारपीट कर वसूली करने की शिकायत दर्ज कराई थी। अयान के खिलाफ मारपीट तथा अवैध वसूली के आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। अयान की हिस्ट्रीशीट खोलकर पुलिस उसे गुंडा सूची में शामिल कर रही है।

### मंदिर की दानपेटी से 10 हजार की चोरी

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में नगर निगम कॉलोनी स्थित भवानी शंकर मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर ने मंदिर की वेंटिलेशन खिड़की को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और लोहे की दान पेटी का कुंदा तोड़कर करीब 10 हजार रुपए नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना 16-17 जनवरी की दरमियानी रात की है। सुबह पुजारी के मंदिर पहुंचने पर चोरी की जानकारी मिली। मंदिर समिति अध्यक्ष इंदू सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### ओपन टायलेट में बच्ची गिरने के मामले में केस दर्ज

**रायपुर।** पंडरी थाना क्षेत्र में शनिवार को ओपन टायलेट में एक पांच साल की मासूम बच्ची की गिरने से मौत मामले में पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मकान मालिक जीवनलाल कुर्रे के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जीवन ने अपने घर में बने सेप्टिक टैंक की सफाई कराने टायलेट खुलवाया था। इसके बाद उसने सुरक्षा के लिहाज से टायलेट के ऊपर किसी तरह से ढंकने का पुख्ता इंतजाम नहीं किया था। टायलेट को केवल बोरी से ढंक दिया था। जब मासूम रिया टायलेट करने गई थी, इसी दौरान उसकी सैप्टिक टैंक में गिरने से मौत हो गई थी।



आग में सुलगती हुई फाइलें

## अंग्रेजों के जमाने में चर्च हुआ करता था वर्तमान जिला शिक्षा कार्यालय

*जिला शिक्षा कार्यालय में शनिवार देर रात लगी रहस्यमयी आग की जांच करने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा गठित इस कमेटी को पांच दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट देनी होगी। कमेटी आग लगने के कारणों के साथ-साथ यह भी बताएगी कि आग में कौन-कौन से दस्तावेज जलकर खाक हुए हैं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है?*

# संदेह की आग बुझाएगी कमेटी, आग लगने की वजह और जले दस्तावेजों की करेगी पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इधर, रविवार को जिला शिक्षा कार्यालय के जिस हिस्से में आग लगी थी उसके कुछ हिस्सों को जेसीबी की मदद से तोड़ना पड़ा। इन हिस्सों में अलमारियां रखी हुई थीं। स्टील की अलमारियों के भीतर रखी फाइलें रविवार दोपहर तक जलती रहीं। इन्हें तोड़कर आग बुझाई गई। इसके पहले शनिवार देर रात तक रात बुझाए जाने के बाद भी रविवार दोपहर तक धुंआ उठता रहा। दोपहर 12 बजे पुनः दमकल वाहन तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे। संध्या 5 बजे तक जेसीबी मशीनों से दीवार तोड़े जाने और आग बुझाने का क्रम चलता रहा।

डीपीआई द्वारा बैठाई गई जांच कमेटी में संभागीय संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि सदस्यों ▶▶|शेष पेज 11 पर

- बुलाई गई जेसीबी मशीन, दीवारें तोड़कर बाहर निकाली गईं सुलगती हुई स्टील अलमारियां



### परीक्षाएं तय समय पर ही

*आगजनी का छात्रों की परीक्षाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। प्री बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर ही होंगी। कौन से दस्तावेज जले हैं, यह जांच के बाद भी पूर्णरूप से स्पष्ट हो सकेगा।*

*- हिमांशु भारतीय, जिला शिक्षा कार्यालय, रायपुर*





### प्री बोर्ड परीक्षाएं आज से

जिले में 10वीं-12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो जाएंगी। इसके लिए समय-सारिणी पहले ही जारी हो चुकी है। 19 जनवरी से 24 जनवरी तक ये परीक्षाएं चलेंगी। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार, आगजनी का कोई असर परीक्षाओं पर नहीं पड़ेगा। स्कूलों को उत्तरपुस्तिकाएं पहले ही भेजी जा चुकी हैं। प्रवेश पत्र, अंकसूच सहित परीक्षा संबंधित अन्य सामग्री भी स्कूलों में ही रखी जाती हैं, इसलिए परीक्षा पर इस आगजनी का कोई असर नहीं पड़ेगा।

### सेवा पुस्तिका सलामत

शनिवार देर रात आशंका जताई जा रही थी जिला शिक्षा कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका भी जल गई है। रविवार को आग पर काबू पाए जाने के बाद जांच-पड़ताल में सेवा पुस्तिका सलामत होने की बात कही जा रही है। निजी स्कूलों के मान्यता, शिकायत, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति जैसे दस्तावेज जल गए हैं। जिला शिक्षा कार्यालय का कहना है कि इनका बैकअप पाने प्रयास किया जाएगा। इनमें से कुछ जानकारियां ऑनाइन अपलोड कर दी गई थीं, ▶▶|शेष पेज 11 पर

### भवन का इतिहास लिखित में दर्ज

**जानकारों ने कहा- 100 वर्ष से अधिक पुराना**

*जिला शिक्षा कार्यालय के एक हिस्से का पुनर्निर्माण कोरोना काल के पूर्व हुआ था। जिस हिस्से का निर्माण नहीं हो सका, आग वहीं लगी है। भवन का इतिहास लिखित में कहीं भी दर्ज नहीं है। कार्यालयीन कर्मचारियों ने बताया, दीवार के एक हिस्से के में अस्पष्ट जानकारी दर्ज थी। इसके अनुसार, यह अंग्रेजों के जमाने में चर्च हुआ करता था। वहीं मप्र-छग विभाजन के पूर्व से शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे अधिकारियों ने बताया कि उनके पूर्वज के वक्त भी यह भवन अस्तित्व में था। ऐसे में यह 70 से 100 वर्ष पुराना है।*

# कमिश्नरी में नवा रायपुर भी इससे लगे थाने होंगे शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरी को लेकर छाया कुहांसा सोमवार को हट सकता है। सूत्रों के मुताबिक, नवा रायपुर तथा इससे जुड़े माना, अभनपुर तथा राखी थाना क्षेत्र को पुलिस कमिश्नरी में शामिल किया जाएगा। अभनपुर थाने को पुलिस कमिश्नरी में शामिल नहीं किए जाने की स्थिति में एक नया थाना बनाया जा सकता है। नवा रायपुर में विधानसभा, मंत्रालय, मंत्री बंगले समेत तमाम संवेदनशील प्रतिष्ठान नवा रायपुर में आते हैं। इस कारण नवा रायपुर को पुलिस कमिश्नरी में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

संभावना राजधानी में 23 जनवरी को पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू हो जाएगी। पुलिस कमिश्नरी लागू करने अफसर अपने स्तर पर तैयारी पर जुट गए हैं। पुलिस अफसरों से जैसे जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक, पुराना तहसील कार्यालय के सामने पुराना राजस्व आयुक्त कार्यलाय को अस्थायी तौर पर पुलिस कमिश्नर कार्यालय बनाया जा सकता है।

- एयरपोर्ट, मंत्रालय, विधानसभा जैसे संवेदनशील स्थानों को देखते हुए लिया निर्णय

### माना, अभनपुर भी पुलिस कमिश्नरी में शामिल हो सकते हैं

एयरपोर्ट माना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अभनपुर थाना क्षेत्र का एक बड़ा क्षेत्रफल नवा रायपुर में आता है। नवा रायपुर में कानून व्यवस्था बनाए रखने अलग से राखी थाना है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस कमिश्नरी में नवा रायपुर से सटे अभनपुर के साथ माना को भी पुलिस कमिश्मनरी में शामिल किया जा सकता है। साथ ही आरंग, धरसींवा, तिल्दा नेवरा सहित अन्य थाना क्षेत्रों को जोड़कर रायपुर ग्रामीण थाना क्षेत्र घोषित कर ग्रामीण एसपी की नियुक्ति की जा सकती है।

### बजट सत्र में मिल सकती है नए थाने खोलने की अनुमति

सूत्रों के मुताबिक, राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद शहरी के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति में परिवर्तन होने की संभावना है। राजधानी के शहरी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में आधा दर्जन नए थाने खोले जा सकते हैं। नए थाने खोलने बजट सत्र में अनुमति मिल सकती है।

### इस तरह सेटअप होने की चर्चा


पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद जिस तरह की सेटअप होने की चर्चा है, उसमें पुलिस आयुक्त के लिए एडीजी या आईजी रैंक के अफसर की नियुक्ति हो सकती है। इसके अलावा दो डीसीपी, जो आईजी या डीआईजी रैंक के पुलिस अफसर हो सकते हैं। छह आईपीएस रैंक के अफसर एसीपी बनाए जा सकते हैं। थानों में दो एसएचओ की पोस्टिंग हो सकती है, जिसमें राज्य पुलिस सेवा तथा टीआई रैंक के पुलिस अफसर शामिल रहेंगे।

# बढ़ रही दिन की लंबाई तो चुभने लगी धूप ठंड का प्रभाव अब रात में सिमटने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मकर संक्रांति के बाद से दिन की लंबाई में हो रही बढ़ोतरी के साथ धूप में चुभन का अहसास बढ़ने लगा है। आने वाले दिन में ठंड का प्रभाव रात और सुबह-सुबह महसूस होने की संभावना है। तीन पश्चिमी विक्षोभ के आने की वजह से इस सप्ताह ठंड का असर कम रहने के आसार बन रहे हैं। आसमान साफ होने की वजह से दिन का पारा चढ़ने लगा है और राज्य का न्यूनतम तापमान 27 से 35 डिग्री के बीच पहुंच गया है, जो सामान्य से अधिक है। ▶▶|शेष पेज 11 पर

- पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित कर रहा मौसम इस सप्ताह कम रहेगी ठंड



### प्रदेश में बढ़ता अधिकतम तापमान

| शहर | अधिकतम | अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 31.4 | +3.0 |
| माना | 30.9 | +2.5 |
| बिलासपुर | 30.4 | +2.5 |
| पेंड्रा | 28.4 | +3.4 |
| अंबिकापुर | 27.6 | +4.6 |
| जगदलपुर | 32.4 | +3.4 |

### आउटर में रहेगा असर

*मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस सीजन में माना इलाके में ठंड ने 15 साल में पहली बार जोरदार असर दिखाया है। इसी तरह मैनपाट, बलरामपुर, जशपुर सहित अन्य सीमावर्ती इलाकों में रात का तापमान* ▶▶|शेष पेज 11 पर

# राजधानी के आधा दर्जन प्रमुख मार्ग नो फ्लैक्स जोन घोषित

## अब बैनर-पोस्टर लगाए तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के आधा दर्जन मार्ग ऐसे हैं, जहां अब बैनर-पोस्टर लगाए तो खैर नहीं। नगर निगम ने इन मार्गों को नो फ्लैक्स जोन घोषित किया है। इन पर केवल शा स की य विज्ञापनों के प्रसार की छूट दी गई है। एमआईसी के निर्णय अनुसार, नगर निवेश विभाग उड़नदस्ते ने इन प्रमुख मार्गों को नो फ्लैक्स जोन के सार्वजनिक बोर्ड लगाकर आगाह किया है। इन मार्गों में जीई मार्ग अंतर्गत टाटीबंध चौक से जयस्तंभ चौक होकर तेलीबांधा थाना चौक मुख्य मार्ग, पचपेड़ीनाका चौक से लालपुर ओवरब्रिज मुख्य मार्ग तक, शहीद भगत सिंह चौक से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए ▶▶|शेष पेज 11 पर

- केवल शासकीय विज्ञापनों को दी छूट



**कनेक्शन प्रीपैड करने के पॉवर कंपनी के प्रस्ताव को सरकार की सैद्धांतिक सहमति**

# सरकारी विभागों को लगेगा स्मार्ट करंट, रीचार्ज कराने पर ही मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों को इस साल स्मार्ट करंट लगना तय हो गया है। ज्यादातर सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं। अभी तो ये पोस्टपैड हैं, लेकिन इसको प्रीपैड करने के छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की पहले चरण में सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। अब लिखित मंजूरी का इंतजार है। लिखित में मंजूरी मिलने के बाद सभी सरकारी विभागों के कनेक्शन प्रीपैड कर दिए जाएंगे। ऐसा होने पर पहले रीचार्ज कराने के बाद ही बिजली मिलेगी। इससे सरकारी विभागों पर बकाया का झंझट समाप्त हो जाएगा। इस समय सरकारी विभागों पर तीन हजार करोड़ का बकाया है। यह बकाया किस्तों में दिया जाएगा, लेकिन रीचार्ज कराने के लिए हर विभाग को बजट पहले देना पड़ेगा। ऐसे में संभावना है कि नए सत्र अप्रैल से ही कनेक्शन प्रीपैड हो पाएंगे।

प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। 1.72 लाख सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब डेढ़ लाख में ये मीटर लग गए हैं। बचे करीब 22 हजार मीटरों को भी लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी के ही ज्यादा बचे हैं। संभावना जताई जा रही है कि कनेक्शन प्रीपैड होने से पहले बचे स्मार्ट मीटर भी लग जाएंगे।

### तीन हजार करोड़ बकाया

*सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। बीते साल अगस्त में यह बकाया 1988 करोड़ था जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया था। अब यह बकाया तीन हजार करोड़ हो गया है। इसमें सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 600 करोड़ से ज्यादा है। इसी के साथ अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है।*



### बजट में करना पड़ेगा प्रावधान

*पॉवर कंपनी हमेशा से ही सरकारी विभागों के बकाया से परेशान रहती है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड करने का प्रदेश सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया। इस प्रस्ताव को सरकार ने मंजूर कर लिया है, लेकिन अब तक लिखित मंजूरी नहीं मिली है। वहां से लिखित मंजूरी के बाद ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। इसके लिए सरकार को भारी मशक्कत करनी पड़ेगी। जानकारों का कहना है कि पहले तो पुराने बकाया को क्लीयर करने के लिए बजट देना पड़ेगा। इसके बारे में कहा जा रहा है कि इसको किस्तों में दिया जाएगा, लेकिन हर विभाग को रीचार्ज कराने के लिए अलग से बजट जरूर पहले दिया जाएगा। ऐसे में सरकार को नए बजट सत्र में यह प्रावधान करना होगा। फरवरी के बजट सत्र में इसके लिए अलग से प्रावधान किए जाने की संभावना है। नए बजट में यह प्रावधान होने पर ही सरकारी विभागों के कनेक्शन अप्रैल से ही प्रीपैड हो सकेंगे।*

## खबर संक्षेप



### हिंदू सम्मेलन में गूंजा जय श्री राम का नाम

**आरंग।** मंदिरहसौद में संपन्न हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता और हिंदू समाज की एकजुटता का प्रभावशाली संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री प्रज्ञापीठ से निकली भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ, जो जय श्रीराम और भारत माता की जय के जयघोषों के बीच रावणभाठा स्थित अंबेडकर भवन पहुँची। इस अवसर पर बालिकाओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में माताओं-बहनों की बड़ी सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य वक्ता रायपुर ग्रामीण सामाजिक समरसता संयोजक अभय सिंह ठाकुर ने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित होकर कुरीतियों के त्याग और राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य केशव राम चतुर्वेदानी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री भारती त्रिपाठी उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में हिंदू सम्मेलन समिति के सदस्य भागी गहने, देवकुमार वर्मा, बसंत साहू (चंद्रशेखर), चैतन्य निर्मलकर, जितेंद्र देवांगन, रोहित वर्मा, संदीप जोशी, तुलेश देवांगन, नवीन शर्मा व अनिल सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### छग व्याख्याता संघ के अध्यक्ष बने राकेश



**रायपुर।** छग व्याख्याता संघ में पुनः राकेश शर्मा को प्रांताध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। संचालक सदस्य, साधारण सभा सदस्यों एवं संचालन समिति की बैठक रायपुर में हुई। संघ के निर्वाचन अधिकारी राम नरेश त्रिवेदी द्वारा चुनाव कराया गया। छग व्याख्याता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा और प्रवक्ता जितेंद्र शुक्ला ने संघ की विभिन्न मांगों के संबंध में बताया कि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति 65 वर्ष की जाए, ग्रेच्युटी की सीमा बढ़ाकर 25 लाख रुपए, कैशलेस चिकित्सा 5 लाख तक की अनिवार्य रूप से लागू की जाए, अर्जित अवकाश की सीमा 300 दिन की जाए, अर्धवार्षिकी 30 वर्ष की जाए, सेवा सत्र के बीच में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के लिए एक साथ आदेश जारी किया जाए तथा सत्रांत तक उस संस्था में किसी अन्य की पदांकन न किया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए राकेश शर्मा ने कहा, वर्तमान में और आने वाले समय में कर्मचारियों को अपनी सेवा को लेकर ज्यादा सजग रहने की आवश्यकता है। सरकार कर्मचारियों को केवल मशीन मानकर उपयोग कर रही है।

### सरस्वती जयंती महोत्सव 21 से, कवि सम्मेलन भी

**रायपुर।** सरस्वती क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति की ओर से बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सरस्वती जयंती महोत्सव एवं खेल सप्ताह मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती सरस्वती चौक में 21 से 23 जनवरी तक होगा, साथ ही कई कार्यक्रम होंगे, जिसमें नगर स्तरीय 12 वर्ष से कम उम्र के नन्हे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ी हास्य कवि सम्मेलन में गीतकार मन्नूलाल यदु, हास्य कवि यशवंत यदु, गीतकार विनेश साहू, वीर रस के कवि रिक्की बिंदास, राजू छत्तीसगढ़ी आदि शामिल होंगे।

### कांग्रेस ने कहा- धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़

**रायपुर।** कांग्रेस ने भगवान हनुमानजी के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

# कुकरा में प्रकृति का अनूठा करिश्मा, मुख्यनहर के आसपास हजारों चिड़ियों का बरसेरा

आरंग ▶▶| पवन साहू

जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत कुकरा (लखौली) गाँव में महानदी मुख्य नहर पर बने पुल के नीचे प्रकृति ने ऐसा अनूठा दृश्य रचा है, जो देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यहाँ हजारों की तादाद में छोटे-छोटे पक्षियों ने अपना स्थायी बसेरा बना लिया है। यह नज़ारा न केवल गाँव बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी कहीं और देखने को नहीं मिलता। सुबह जैसे ही सूर्य की पहली किरणें धरती को स्पर्श करती हैं, पुल के नीचे बसे ये पक्षी एक साथ अपने बसेरे से निकलते हैं। चिड़ियां चहचहाहट की गूंज के साथ उड़ते पक्षियों का झुंड आसमान में अद्भुत आकृति बनाता है। कुछ ही पलों में पूरा आकाश पक्षियों की चहक से जीवंत हो उठता है, मानो प्रकृति स्वयं संगीत बिखेर रही हो। दिनभर खेतों, नहरों और आसपास के इलाकों में विचरण करने के बाद सूर्यास्त से ठीक पहले ये पक्षी फिर एक-एक कर अपने उसी सुरक्षित ठिकाने की ओर लौट आते हैं। हजारों पक्षियों का एक साथ पुल के नीचे बसेरे में लौटना दर्शकों के लिए किसी प्राकृतिक उत्सव से कम नहीं होता।

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा दृश्य आसपास के किसी अन्य गाँव में देखने को नहीं मिलता। रोज़ाना सुबह-शाम यह नज़ारा देखने के लिए लोग कुछ पल ठहर जाते हैं। बच्चों से लेकर बुज़ुर्गों तक, सभी के लिए यह पक्षी संसार कौतूहल और आनंद का विषय बन गया है।

**पक्षियों का झुंड आसमान में उड़ते हुए अद्भुत आकृति बनाते हैं**



#### पर्यटकों के लिए आकर्षक

*प्रकृति प्रेमियों का मानना है कि यह स्थान जैव विविधता का महत्वपूर्ण उदाहरण है, जिसे संरक्षित किया जाना चाहिए। यदि इस क्षेत्र को सुरक्षित रखा जाए, तो यह भविष्य में प्राकृतिक पर्यटन और पर्यावरण शिक्षा का केंद्र भी बन सकता है। कुकरा गाँव का यह अनोखा पक्षी बसेरा आज न केवल गाँव की पहचान बन रहा है, बल्कि मानव और प्रकृति के सुंदर सहअस्तित्व का सजीव प्रमाण भी प्रस्तुत कर रहा है।*

## कथा : रास पंचाध्यायी का अर्थ जीव और आत्मा मिलन की अध्यामित्क कथा

# श्री भागवत कथा में महारास, कंस वध और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

■ ीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह मे हुई अमृत वर्षा, मंड़प में बाराती बनकर नाचा पूरा गांव

तिल्दा के ग्राम छतौद में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवे दिन बड़ी संख्या में भागवत भक्त उमड़े। कथा व्यास महाराज गौरव जोशी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य रासलीला, मथुरा गमन, कंस वध और अंत में रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

महाराज श्री ने कथा के प्रारंभ में 'रास पंचाध्यायी' का वर्णन करते हुए कहा कि रास कोई साधारण नृत्य नहीं, बल्कि जीवात्मा का परमात्मा से मिलन है। महाराज ने कथा का शुभारंभ करते हुए गोपीजनों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रास जीव का परब्रह्म ईश्वर के साथ मिलन की कथा है, जो आस्था और विश्वास से भगवत प्राप्ति का फल देती है।इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी और गोपियों द्वारा प्रस्तुत रासलीला की अत्यंत मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। गोपियों के साथ भगवान के नृत्य से कथा स्थल वृन्दावन बन गया। इसके पश्चात कथा में अक्रूर जी का आगमन हुआ भगवान का मथुरा जाना और अत्याचारी कंस के वध का प्रसंग सुनाया गया। महाराज ने बताया कि भगवान ने कंस को मारकर यह संदेश दिया कि अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत धर्म की ही होती है. कथा में महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण, कालयवन वध, उद्धव-गोपी संवाद, उद्धव द्वारा गोपियों को गुरु बनाना,जैसे प्रसंग सुनाए ..महारास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया, जिससे जीवात्मा और परमात्मा का मिलन हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीव और ब्रह्म के इस मिलन को ही महारास कहा जाता है।द्वारका की स्थापना और रुक्मिणी विवाह जैसे प्रसंगों का संगीतमय एवं भावपूर्ण पाठ किया गया।






#### रुक्मिणी विवाह की भव्य झांकी

कथा का समापन भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह से हुआ। द्वारिकाधीश की भव्य बारात निकाली गई। मंच पर दूल्हा-दुल्हन के रूप में भगवान की सजीव झांकी सजाई गई थी, जहाँ विधि-विधान से वरमाला और विवाह संपन्न हुआ।

#### बाराती बनकर झूमा वर्मा परिवार

विवाह प्रसंग के दौरान पंडाल में उत्सव का माहौल था। निधि और पूरे वर्मा परिवार ने घराती और बाराती बनकर रस्में निभाईं। जैसे ही भगवान की वरमाला हुई, श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा की। ढोल-नगाड़ों और भजनों की धुन पर महिलाओं और युवाओं ने जमकर नृत्य किया।कल कथा का सातवां दिन होगा, जिसमें सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी।

### निनवा में 19 से 26 तक भागवत की कथा होगी



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम निनवा मे 19 जनवरी से 26 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। भागवत कथा मे छत्तीसगढ़ अंचल के सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पं. नंदकुमार शर्मा जी, निनवा वाले व्यास पीठ पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को सारगर्भित संगीतमय कथा का रसपान करायेंगे। भागवत कथा मे परायण कर्ता पंडित अंकित दुबे होंगे कथा के प्रथम दिन सोमवार को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक है। यह भागवत कथा समस्त ग्राम वासी के द्वारा आयोजित है।

### खिलोरा में शिव महापुराण कथा की शुरुआत आज कलशयात्रा से

**अभनपुर।** ग्राम खिलोरा में 19 से 27 जनवरी तक श्री शिव महापुराण नवदिवसीय संगीतमय कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. युवराज पांडे अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को शिव महिमा का रसपान कराएंगे। कथा महोत्सव का शुभारंभ 19 जनवरी को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। यह शोभायात्रा शंकराचार्य आश्रम से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक निकाली जाएगी। कलश यात्रा में आसपास के विभिन्न गांवों से 10 हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। श्री शिव महापुराण कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। आयोजक श्रीमती पुष्पा देवी गंगाधर अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।

### हनुमत कथा के शुभारंभ में आज नारा में कलशयात्रा

**आरंग।** ग्राम नारा (भानसोज) में 19 जनवरी से चार दिवसीय हनुमान कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। कथा वाचक दासानुदास अभिराम दास जी होंगे। यह आयोजन मुख्य सड़क मार्ग से लगे भैरवी भवानी मंदिर के प्रांगण में किया जा रहा है। आयोजक दौना परिवार के रामनाथ साहू एवं चंद्रिका साहू हैं। 19 जनवरी को पूर्वाह्न 10 बजे कलश यात्रा के पश्चात वेदी पूजन एवं मारुति राज्य यज्ञ संपन्न होगा।

### तरपोंगी में 19 से 26 तक संगीतमय भागवत कथा



**तरपोंगी।** स्थानीय बुधवारी बाजार चौक तरपोंगी में 19 से 26 जनवरी तक संगीतमय भागवत महापुराण का आयोजन रखा गया है।जिसके कथा वाचक पं लिखेश्वर महराज जी तरपोंगी वाले है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक है। यह भागवत कथा समस्त ग्रामवासी के द्वारा आयोजित है।

### रीवा संकुल के 93 शिक्षकों ने सीखी नई शिक्षण विधियां



**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर, रीवां में रीवां संकुल का एक दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में संकुल के 8 विद्यालयों से आए 93 आचार्य एवं दीदियों ने सहभागिता कर अपने शिक्षण कौशल को सुदृढ़ किया। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य मार्गदर्शक विभाग समन्वयक मानिक राम साहू ने आधारभूत विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न होकर बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ा होना चाहिए। विभिन्न सत्रों में अंग्रेज़ी, विज्ञान एवं शिशु वाटिका विषयों पर चर्चा की गई। वहीं शिशु वाटिका में खेल-खेल में संस्कारवान शिक्षा देने की विधियों को प्रायोगिक रूप से समझाया गया। कार्यक्रम में गरियाबंद के प्राचार्य चैन सिंह पटेल एवं जिला सचिव सुरेंद्र कुमार नशीने विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को नवाचार अपनाने और समर्पण भाव से शिक्षण कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण को शिक्षकों ने आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए उपयोगी बताते हुए सराहा।

### शहर में जल बोर्ड का गठन 8 अभियंता नियुक्त

**रायपुर।** मेट्रो सिटी की तर्ज पर अब राजधानी रायपुर में जल बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड रायपुर नगर निगम के सभी 70 वार्डों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। इस पर पूरी कार्यप्रणाली तय करने निगम आयुक्त विश्वदीप ने 8 अभियंताओं को नियुक्त किया है। महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में गत दिनों एमआईसी की बैठक में जल बोर्ड गठन का निर्णय लिया गया था।



### श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर लखौली राममय

**आरंग।** अयोध्या में श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ 22 जनवरी को लेकर ग्राम लखौली में श्रद्धा और भक्ति का उत्साह चरम पर है। प्रतिदिन सुबह निकल रही प्रभातफेरियों में जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। प्रभातफेरी में महिलाओं की सैकड़ों की संख्या में सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। हाथों में भगवा ध्वज एवं दीपक लेकर महिलाएँ, युवा, बुजुर्ग और बच्चे भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हो रहे हैं। प्रभातफेरी मंदिर प्रांगण से प्रमुख मार्गों तक निकाली जा रही है। आयोजकों के अनुसार 22 जनवरी तक प्रभातफेरी के साथ दीप प्रज्वलन, भजन संध्या एवं राम नाम संकीर्तन जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। गाँव में घर-घर भगवा पताकाएँ और दीप सज्जा कर उत्सव मनाया जा रहा है।

## महिला-पुरुष कबड्डी स्पर्धा में 32 टीमों ने दिखाया दम



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम बलौदी खुर्द में छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय महिला एवं पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरुष कबड्डी जिसमें 32 टीमो ने भाग लिया। फायनल मैच ग्राम कुरूद (सिलयारी) व खैरखूंट के बीच खेला गया जिसमे कुरूद की टीम विजयी रही। इस तरह कुरूद की टीम प्रथम, खैरखूंट द्वितीय, सिलघट तृतीय, बलौदी खुर्द चतुर्थ स्थान पर रहे। पुरुष कबड्डी में बेस्ट ऑल राउंडर मिरी कुरूद, बेस्ट रेडर नागेश्वर खैरखूंट, बेस्ट केचर कमल सिलघट, बेस्ट ब्लॉकर सागर बलौदी, बेस्ट डमी भुवन बलौदी रहे। महिला कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच कोटा (बेरला) व प्रगति क्लब रायपुर (पंडरी) के बीच खेला गया। जिसमें कोटा की टीम विजयी रही। इस तरह कोटा प्रथम, रायपुर द्वितीय, बरतोरी तृतीय, बलौदी खुर्द चतुर्थ स्थान पर रही। जिसमें बेस्ट रेडर पायल निषाद कोटा ,बेस्ट कैचर सरिता पटेल बलौदी, बेस्ट ऑलराउंडर सरिता यादव रायपुर रही। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी थे। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, दाऊ गुणवंत पाल हनुमंता, दाऊ विकाश यादव, सांकरा जनपद सदस्य शत्रुहन यदु, स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि गुनु राम साहू, उप सरपंच कमलेश साहू, सगुनी सरपंच रजत कश्यप, उप सरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, उपसरपंच रजत कश्यप, पूर्व सरपंच शिव कुमार हनुमंता, पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम निषाद, पंच प्रतिनिधि राम जी साहू, राम खिलावन निषाद, डिगेश यदु, नरेश साहू, दिलीप निषाद, गजानंद निषाद, भुवन निषाद, जीवन निषाद, पंच गीता निषाद, रामकरण निषाद, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## धीवर युवा महासम्मेलन में जातिगत जनगणना और एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा, रायपुर के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय धीवर युवा महासम्मेलन शनिवार को नवागांव, नेशनल हाईवे (मंदिर हसौद) में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे पूजा-अर्चना के साथ किया गया। महासभा की ओर से स्वजातीय समाजजनों का स्वागत करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह महासम्मेलन समाज को संगठित, सशक्त एवं जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सम्मेलन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में समाज के युवा, वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महासम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ धीवर समाज की जनगणना कर समाज की वास्तविक स्थिति को सशक्त रूप से सामने लाना है, ताकि भविष्य की योजनाओं एवं विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान समाज से जुड़े सरपंच, पार्षद, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का सह-सम्मान किया गया।

महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अन्नु तारक, जिला पंचायत सभापति रायपुर, राजेन्द्र धीवर (जिला पंचायत सदस्य, बिलासपुर), सोहन लाल धीवर (प्रदेश सह-संयोजक, मछुआरा प्रकोष्ठ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोत्तम धीवर जी (प्रदेश अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ, छ.ग. धीवर समाज महासभा, रायपुर) ने की। महासम्मेलन में अनेक विशिष्ट एवं अति विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से पवन धीवर (प्रदेश कोषाध्यक्ष), रूपचंद धीवर (बिलासा बाई केवटीन मत्स्य विकास राज्य अलंकरण सम्मान प्राप्त), रेखा जलक्षत्री जी (अंतरराष्ट्रीय भरथरी गायिका), ओम ओझा (नेशनल तैराकी कोच, वर्ल्ड रिकॉर्ड), सहदेव राम धीवर (अध्यक्ष, कोटनी परगना धीवर समाज) शामिल रहे। कार्यक्रम में संरक्षक जगन्नाथ सरपार, रामकृष्ण धीवर, परमेश्वर फुटान, प्रदेश सलाहकार लीलाराम तारक सहित अनेक परगना अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



#### महिला प्रकोष्ठ की सक्रियता

महिला प्रकोष्ठ से संध्या हिरवानी, लक्ष्मी पेडंरिया, गायत्री गायकवाल, अंजु धीवर, अनुसईया धीवर सहित अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं। युवा प्रकोष्ठ से भेषराम धीवर (प्रदेश कोषाध्यक्ष), मनीष धीवर (प्रदेश सचिव), नोहर धीवर (संरक्षक), जयप्रकाश फुटान, रूपेन्द्र धीवर (प्रदेश उपाध्यक्ष), योगेंद्र धीवर सहित विभिन्न परगना अध्यक्षों व युवाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। महासभा के प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुरुषोत्तम धीवर ने युवाओं से आह्वान किया।

**30 तक कार्रवाई नहीं हुई तो 1 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय घेराव**

# कुकरा में धड़ल्ले से बेजा कब्जा पर कार्रवाई नहीं हो रही है, सरपंच ने दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



तहसील क्षेत्र मंदिरहसौद के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकरा में विगत कई माह से चल रहे अवैध बेजा कब्जा हटाओ अभियान की रफ्तार थमने से ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। पूर्व पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार के माध्यम से शुरू कराई गई कार्रवाई के बावजूद अब तक अभियान को पूर्णता नहीं मिल सकी है, जिससे गाँव की स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। नव निर्वाचित सरपंच नंदलाल डहरिया ने पदभार ग्रहण करने के बाद बेजा कब्जा हटाओ अभियान को गति देने का प्रयास किया। सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक उदासीनता से गाँव का सामाजिक संतुलन बिगड़ने की आशंका है। सरपंच नंदलाल डहरिया ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 30 जनवरी तक अवैध कब्जा हटाने की ठोस एवं पूर्ण कार्रवाई नहीं की गई, तो 1 फरवरी को ग्रामीणों के साथ कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इधर सरपंच श्री डहरिया ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन को प्रेषित आवेदन की पावती माँगने पर भी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेता है या फिर ग्रामीणों का आक्रोश सड़कों से कलेक्टर कार्यालय तक पहुँचता है।

#### तहसीलदार को स्थिति से कराया अवगत

कार्रवाई में हो रही देरी से आक्रोशित सरपंच श्री डहरिया एवं ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार से मुलाकात कर गाँव की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए आवेदन सौंपा, जिनमें स्पष्ट रूप से कहा कि यदि अवैध बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण नहीं की गई, तो यह पूरे गाँव में फैल जाएगी। देरी के कारण न केवल नए कब्जे बढ़ रहे हैं, बल्कि पूर्व में हुई कार्रवाई को लेकर भी पंचायत को लगातार सवालों का सामना करना पड़ रहा है।

# चकल्लस



## सरकारी वसूली भाई

छत्तीसगढ़ में इस समय सरकारी से लेकर निगम अमले तक के लोग जनता से उनके बकाया बिजली बिल, नगर निगम का टैक्स वगैरह की वसूली के लिए जो कर रहे हैं, वह गजब ही है। वसूली भाई की तरह अमला वसूली के लिए निकलता है और बकाया वालों के घर के सामने खड़े होकर हिसाब निकालकर तुरंत रकम देने कहता है, नहीं देने पर कैंची चल जाती है। रायपुर के गुलशन अपार्टमेंट में निगम की वसूली के लिए रातों-रात बिजली, पानी कनेक्शन काटे गए तो लोगों को अपने परिवार सहित रिश्तेदारों या फिर होटलों में शरण लेनी पड़ी। लोग कह रहे हैं कि सरकारी अमला पूरी तरह प्रोफेशनल हो गया है। या तो पैसा दो नहीं तो भुगतो। बिल्कुल वसूली भाई की तरह।

## चूहे बरी...अब हाथी आ गए

छत्तीसगढ़ की सियासत में इस समय सरकारी धान चूहों के खा जाने का मामला चर्चा में है। विपक्षी नेता आरोप लगा रहे थे कि चूहे करोड़ों का धान खा गए। सत्तापक्ष ने देखा कि ये बात मजाक से आगे बढ़कर गंभीर होती जा रही है तो फौरन बयान जारी कर चूहों को आरोप से बरी कर दिया गया, लेकिन बात अभी भी नहीं बनी है। अब खबर आई कि जंगली हाथी सोसाइटी में आकर धान खा जा रहे हैं। विपक्षियों को फिर मुद्दा मिल गया है, उनका कहना है कि चूहों ने तो कम धान खाया था, हाथी ज्यादा खा जाएगा। पहले चूहों पर 5-7 करोड़ का धान खा जाने का आरोप था, हाथी आया है तो 100-200 करोड़ का धान खा जाएगा।

## मुश्किल में अपना ही काम आता है

जब रायपुर में एम्स खुला तो लोगों को उम्मीद बंधी कि बड़ी राहत मिलेगी। आंबेडकर अस्पताल का बोझ कुछ कम होगा। भीड़ से मुक्ति मिलेगी। लेकिन हुआ उल्टा। एम्स में इतनी भीड़ हो गई कि मरीजों जांच और इलाज के लिए छह-छह महीने बाद की डेट दी जा जा रही है। जैसे लोग इलाज कराने नहीं शादी-ब्याह की डेट लेने जा रहे हों। खैर...एम्स से रेफर होने वाले मरीजों का आखिरी आसरा भी अब आंबेडकर अस्पताल ही बना हुआ है। जरूरतमंद मरीज अब कहने लगे हैं कि भले ही एम्स आ गया हो, लेकिन मुश्किल में अपना ही काम आता है।

## पॉवर पर पॉवर भारी

पॉवर का ही जमाना है, जिनके पास पॉवर है, उनके पॉवर के सामने तो पॉवर वाले भी नतमस्तक हो जाते हैं। अब अपने राज्य की पॉवर कंपनी की ही बात ले लें। पॉवर कंपनी इन दिनों अपना पॉवर दिखाते हुए बिजली उपभोक्ताओं से बकाया बिल की वसूली के लिए बिजली कट कर रही है। पॉवर कंपनी का यह पॉवर सिर्फ आम उपभोक्ताओं पर ही चल रहा है, लेकिन जो खुद पॉवर वाले हैं, उनका पॉवर, पॉवर कंपनी पर भारी पड़ रहा है। इन पॉवर वालों की बिजली कट करने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा है। अधिकारी तो चाहते हैं कि इनका पॉवर भी कट किया जाए, लेकिन इनको डर है कि इनका पॉवर कट किया तो कहीं इनकी नौकरी ही कट न हो जाए।

## ढाक के तीन पात...

कांग्रेस संगठन को मजबूती देने एआईसीसी ने बड़े-बड़े दावे किए थे कि किसी की सिफारिश पर अध्यक्ष नहीं बनाए जाएंगे। जब सूची आई तो देखा गया कि नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में पदों की नियुक्तियों में अपने लोगों को बिठा दिया। चाहे वह जिला हो या ब्लॉक। आम कांग्रेस नेताओं का कहना है कि संगठन की मजबूती तो एक तरफ है, नेता अपने को ही मजबूत करने का प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसी परंपरा कांग्रेस में पिछले कई वर्षों से चली आ रही है। अब संगठन के लोग कह रहे हैं कि फार्मूला कोई भी लाएं, हमारे नेता जुगाड़ निकाल ही लेते हैं। यानी कांग्रेस पार्टी वही ढाक के तीन पात वाली कहावत पर चल रही है।

## सक्रियता बनी रहे...

कर्मचारी नेताओं ने अपनी मांगों को लेकर तीन दिन आंदोलन किया। कार्यालयों में कामकाज प्रभावित हुआ, लेकिन शासन की ओर से कोई बयान नहीं आया। चुपके-चुपके सभी अपने काम में लगे रहे। अब यह कहा जा रहा है कि कर्मचारियों को अपनी बात कहने जो मंच दिया गया है, उसे छोड़ वे नेताओं की तरह सड़क पर आकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन के एक अधिकारी ने इस पर कहा, कर्मचारियों के लिए जीएडी की परामर्शदात्री समिति की बैठकें होती हैं, उनमें सुविधाओं पर चर्चा होती है, लेकिन नेता वहां अपनी बात नहीं रखते। सरकारी नौकरी नहीं, यह तो जोर-आजमाईश का अड्डा बना चुका है। वे अपनी सक्रियता दफ्तर छोड़ सड़क पर दिखा रहे हैं।

## सब गोलमाल है भाई...

जिले में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं हुईं। स्कूलों ने अपने परिणाम भेजे और वाहवाही पाई। कुछ स्कूलों के परिणाम खराब आए और उन्हें डांट पड़ी। यहां तक ठीक है, लेकिन इसमें कुछ गड़बड़ हो गई है। सुनने में आया है कि कई स्कूलों ने फटकार से बचने और एक्सट्रा क्लास की झंझट से मुक्ति पाने छात्रों को दिल खोलकर नंबर दिए हैं और उन्हें उत्तीर्ण कर दिया है। अब वार्षिक परीक्षाओं में यदि वे फेल भी होते हैं तो कौन सा उन्हें अतिरिक्त कक्षाएं लगानी होंगी? थोड़ी बदमाशी करके यदि अतिरिक्त मेहनत से बच जाएं तो इसमें गलत क्या है? इसमें कुछ भी गलत नहीं है। वैसे भी जिन पालकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता होती है। इस जमाने में उन्हें सरकारी स्कूल कौन भेजता है भला?

## मैडम के नाक के नीचे से निकला 'पुष्पा'

पुष्पा फिल्म देखी है आपने? जिसमें चंदन तस्कर पुष्पा अफसर के नाक के नीचे से सब ले जाता है और किसी को कोई भनक भी नहीं लगती है। वही हाल इन दिनों माशिम और ओपन बोर्ड में है। यहां सबसे ऊपर पायदान पर बैठीं मैडम अपनी ईमानदारी के लिए जानी जाती हैं। उनके दफ्तर में भी तो पुष्पा हैं। अब ये गड़बड़ियां मैडम के पकड़ में नहीं आ रही हैं या वे इन्हें पकड़ना नहीं चाह रही हैं, वो बात अलग है। परीक्षा वाले गोपनीय कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। मान्यता का भी खेल चल रहा है। इन सबके बीच कमाने का भी बंदोबस्त हो गया है। तैयार रहिए... जल्द ही यहां बम फूटने वाला है।

## नाम वाला बदनाम ....

सूबे में होने वाले बड़े-बड़े सरकारी आयोजन में तंबू गाड़ने वाले की धाक स्टेट से लेकर अब नेशनल लेवल तक है। प्रदेश में सरकार चाहे किसी भी पार्टी की हो, पर सरकारी आयोजन, इवेंट, राज्य का उत्सव, नाचना गाने का प्रोग्राम जब भी होगा, टेंट का ठेका तो बस खास तंबू वाले के लिए रिजर्व रहता है। कहने वाले तो ये भी कहते हैं, दिखावे के लिए टेंडर बुलाए जाते हैं, ठेका तो उसी तंबू वाले को मिलेगा। इस बार किस्मत कहें या आका की मेहरबानी, झटाक-फटाक में बिना टेंडर के ठेका दे आए। किसी को भनक तक नहीं लगी, बस क्या था, ऊपर से नीचे तक चिल्ल-पों मच गई। जिसे देखो, वही जंबूरी-जंबूरी हल्ला मचा रहा है।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# सीएम साय सहित राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्य नामांकन फार्म के साथ गए दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए सोमवार को दोपहर 2 बजे नामांकन भरा जाएगा। अध्यक्ष के नाम का ऐलान अगले दिन मंगलवार को होगा। कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को ही पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया जा रहा है। नितिन नवीन के नाम का एक नामांकन फार्म भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को ही भरा गया है।

- नितिन नवीन के नाम का नामांकन फार्म ठाकरे परिसर में भरा गया, सबको बुलाकर कराए गए हस्ताक्षर

इसमें देर रात तक राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को बुलाकर हस्ताक्षर कराए गए। अब नामांकन फार्म लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ प्रदेश के सभी राष्ट्रीय परिषद के सदस्य रविवार को यहां से दिल्ली रवाना हुए और रात को वहां पहुंच गए। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने बीते साल दिसंबर में अचानक बिहार के मंत्री और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। अब पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव सोमवार को किया जा रहा है। सोमवार को दोपहर 2 बजे से लेकर 4 बजे तक नामांकन होगा।

इसके बाद 4 से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 5 से 6 बजे तक नाम वापसी का समय है। वैसे नितिन नवीन के नाम से ही अलग-अलग राज्यों के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों द्वारा नामांकन भरे जाएंगे। अगले दिन मंगलवार जरूरत पड़ने पर 11.30 बजे से 1.30 तक मतदान का समय तय किया गया है। मतदान न होने की स्थिति में श्री नवीन को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया जाएगा।

### रात के विमान से ये गए

राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ रविवार की रात को यहां से नियमित फ्लाइट से डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, संतोष पांडेय, रूपकुमारी चौधरी, प्रदेश के मंत्री दयालदाल बघेल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, नवीन मार्कंडेय सहित कई सदस्य गए। इसके पहले राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और केदार कश्यप दोपहर को दिल्ली पहुंच गए थे। इसी के साथ प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी और पूर्व विधायक नारायण सिंह चंदेल भी दिल्ली पहुंचे हैं। हालांकि ये राष्ट्रीय परिषद के सदस्य नहीं हैं। प्रदेश के और भी कई नेता जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्य नहीं हैं, राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साक्षी बनने दिल्ली पहुंचे हैं।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव





### नामांकन पर इनके हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, रूपकुमारी चौधरी, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक लता उसेंडी, विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधायक ननकीराम कंवर, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने नामांकन पर हस्ताक्षर किए हैं।

### गुढ़ियारी के कंट्रोल रूम से ही प्रदेश में किसी भी स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता की बिजली हो रही है बंद

# अब हजार रुपए बकाया पर भी बिजली ऑटो कट, परेशान हो रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*प्रदेशभर के छोटे और बड़े बिजली के उपभोक्ताओं पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया हो गया है। आमतौर पर बकाएदारों की बिजली कट करने के लिए पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के घरों तक जाना पड़ता है। ऐसे में बिजली कनेक्शन काटने पर विवाद हो जाता है, लेकिन अब प्रदेशभर में लग रहे स्मार्ट मीटरों के कारण बकाएदारों को स्मार्ट करंट लग रहा है। यानी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं, उनके कनेक्शन आसानी से राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी से ही कट हो जा रहे हैं।*

बकाया वसूलने के लिए पॉवर कंपनी का अलग-अलग शहरों के सेंटरों ने अलग-अलग राशि तय की है। ऐसे में अब तो प्रदेश के कुछ शहरों में हजार रुपए का भी बकाया होने पर बिजली ऑटो कट हो रही है। राजधानी रायपुर में साढ़े तीन हजार रुपए तक के बकाया पर बिजली कट हो रही है। इसको अब दो हजार करने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस समय प्रदेशभर में बिजली के बकाएदारों के खिलाफ अभियान चला रखा है। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के हर शहर में बकाएदारों के कनेक्शन कट किए जा रहे हैं। प्रदेशभर में बीस लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। 20 हजार या इससे ज्यादा के बकाएदारों की संख्या ही दस लाख के करीब है। इन पर ही करीब ढाई हजार करोड़ का बकाया है। इसी के साथ एक लाख से ज्यादा के बकाएदारों की संख्या छह हजार से ज्यादा है।

हरिभूमि सरोकार



### कंट्रोल रूम से ही बिजली कट

एक वह समय था, जब किसी भी बिजली के बकाएदार का कनेक्शन कट करने के लिए उनके घरों तक जाना पड़ता था। ऐसे में जब बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली कट करने पहुंचते थे तो कई बार विवाद हो जाता था, कई बार तो झगड़ा-लड़ाई तक की नौबत आ चुकी है, लेकिन अब स्मार्ट मीटर लगने के कारण इन विवादों से बचने का रास्ता मिल गया है। प्रदेश में इस समय करीब 60 फीसदी उपभोक्ताओं के मीटर स्मार्ट हो गए हैं। ऐसे में अब बकाएदारों की बिजली कंट्रोल रूम से ही कट की जा रही है।

### एक माह का बिल जमा नहीं और बिजली कट

एक समय वह था, जब दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर भी बिजली कट नहीं होती थी, वहीं दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता था, लेकिन अब तो एक माह का बकाया होने पर ही बिजली कट हो रही है। महामंदिर वार्ड की अर्चना शुक्ला ने बताया, उनके यहां 25 साल में कभी बिजली कट नहीं हुई, लेकिन बीते माह दिसंबर में उनके यहां 20 दिसंबर को बिल आया, 24 दिसंबर तक बिल का भुगतान करना था। पूरा परिवार राजस्थान चला गया था, वहां से 3 जनवरी को लौटे तो बिजली कट हो गई थी। उन्होंने बताया, उनका बिल एक माह का ही महज चार हजार रुपए होने के बाद भी बिजली कट कर दी गई। श्रीमती शुक्ला के मुताबिक, उनके मोहल्ले में कई उपभोक्ताओं की बिजली एक माह का बिल जमा न होने पर ही बिजली कट कर दी गई। इस मामले में पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि एक माह या दो माह का सवाल नहीं है, रायपुर में साढ़े तीन हजार से ज्यादा का बकाया होने पर बिजली कट हो रही है।

## छग व्याख्याता संघ के अध्यक्ष बने राकेश



**रायपुर।** छग व्याख्याता संघ में पुनः राकेश शर्मा को प्रांताध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। संचालक सदस्य, साधारण सभा सदस्यों एवं संचालन समिति की बैठक रायपुर में हुई। संघ के निर्वाचन अधिकारी राम नरेश त्रिवेदी द्वारा चुनाव कराया गया। छग व्याख्याता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा और प्रवक्ता जितेंद्र शुक्ला ने संघ की विभिन्न मांगों के संबंध में बताया कि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति 65 वर्ष की जाए, ग्रेच्युटी की सीमा बढ़ाकर 25 लाख रुपए, कैशलेस चिकित्सा 5 लाख तक की अनिवार्य रूप से लागू की जाए, अर्जित अवकाश की सीमा 300 दिन की जाए, अर्धवार्षिकी 30 वर्ष की जाए, सेवा सत्र के बीच में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के लिए एक साथ आदेश जारी किया जाए तथा सत्रांत तक उस संस्था में किसी अन्य की पदांकन न किया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए राकेश शर्मा ने कहा, वर्तमान में और आने वाले समय में कर्मचारियों को अपनी सेवा को लेकर ज्यादा सजग रहने की आवश्यकता है। सरकार कर्मचारियों को केवल मशीन मानकर उपयोग कर रही है।

# कांग्रेस ने कहा- धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस ने भगवान हनुमानजी के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस का आरोप है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज के साथ मिलकर भगवान हनुमान के प्रतीक को पतंग बनाकर उड़ाया और बार-बार उन्हें गिराया गया, जो बजरंगबली और उनके करोड़ों भक्तों की भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने मांग की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फेडरिक मर्ज के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी कहा गया है कि जब तक दोनों व्यक्ति हनुमान भक्तों और हिंदू समाज से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा, धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी आज खुद अपनों के ही बयानों और कृत्यों से कटघरे में खड़ी है। एक तरफ जहां भगवान हनुमान को पतंग बनाकर आसमान में उड़ाया गया, वहीं दूसरी तरफ गोमाता को लेकर दिए गए विवादित बयानों ने सनातनी समाज को झकझोर कर रख दिया है।

# शहर में जल बोर्ड का गठन निगम के 8 अभियंता नियुक्त

**रायपुर।** मेट्रो सिटी की तर्ज पर अब राजधानी रायपुर में जल बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड रायपुर नगर निगम के सभी 70 वार्डों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। इस पर पूरी कार्यप्रणाली तय करने निगम आयुक्त विश्वदीप ने 8 अभियंताओं को नियुक्त किया है। महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में गत दिनों एमआईसी की बैठक में जल बोर्ड गठन का निर्णय लिया गया था। नगर निगम के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर जल बोर्ड में प्रभारी अधीक्षण अभियंता अमृत मिशन मुख्यालय राजेश नायडू को अतिरिक्त प्रभार, प्रभारी अधीक्षण अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना राजेश राठौर को अतिरिक्त प्रभार, प्रभारी कार्यपालन अभियंता योजना शाखा एवं 15वां वित्त आयोग के प्रशासनिक कार्य दायित्व से मुक्त करते हुए अंशुल शर्मा जूनियर को पूर्ण प्रभार, नरसिंग फरेंद्र कार्यपालन अभियंता जलप्रदाय एवं फिल्टर प्लांट को अतिरिक्त प्रभार, नगर निगम जोन 8 सहायक अभियंता अनुराग पाटकर को अतिरिक्त प्रभार, अमृत मिशन मुख्यालय उप अभियंता रमेश पटेल को अतिरिक्त प्रभार और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के उपअभियंता योगेन्द्र साहू को अतिरिक्त प्रभार, उप अभियंता शुभम तिवारी को जल बोर्ड में अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

- पेयजल नेटवर्क का मानचित्र बनाने, जल समस्या समाधान के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे

### पेयजल समस्या समाधान कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे

ये अभियंता निगम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने राइजिंग मेन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन का निरीक्षण कर पेयजल नेटवर्क को मानचित्र में प्रस्तुत करने नगर निगम के सभी 70 वार्डों का भ्रमण कर पेयजल समस्या ग्रस्त वार्डों का चिन्हांकन कर कारण सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। यहीं पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों की समस्या समाधान के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।

# बीजेपी सरकार में छत्तीसगढ़ बना अपराधगढ़, जी राम जी योजना से गरीबों के हक पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी गुंजन सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा, जी राम जी योजना के नाम पर गरीबों पर सीधे हमला किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ में बढ़ते क्राइम पर भी बीजेपी की साय सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा, प्रदेश में अपराध पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का असली मकसद गरीबी हटाना नहीं, बल्कि गरीबों को ही सिस्टम से बाहर करना है। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, देश के किसानों और मजदूरों पर सरकार की नीतियों का बुरा असर पड़ा है। उन्होंने सवाल किया कि जिन गरीबों को साल में 100 दिन काम मिलता था, क्या सरकार उनके काम का हिसाब देगी? भाजपा सरकार पिछले 11 सालों से कांग्रेस सरकार की योजनाओं का सिर्फ नाम बदलकर काम चला रही है। यदि सरकार की मंशा सच में जनकल्याण की होती तो नई योजनाएं शुरू करती, न कि पुरानी योजनाओं को कमजोर करती।

- भाजपा का असली मकसद गरीबों को ही सिस्टम से बाहर करना : गुंजन

### अपराधियों के हौसले बुलंद

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने कहा, भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है और छत्तीसगढ़ अब अपराध तथा नशाखोरी का गढ़ बनता जा रहा है। ड्रग्स, अफीम, गांजा, हेरोइन और अवैध शराब बेरोकटोक बिक रहे हैं। हर चौक-चौराहे पर नशे के सौदागर सक्रिय हैं, जिससे अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। अपराधियों में खाकी वर्दी का भय खत्म हो चुका है और पुलिस विभाग अवैध वसूली में लिप्त है।

## सरस्वती जयंती महोत्सव 21 से, कवि सम्मेलन भी

**रायपुर।** सरस्वती क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति की ओर से बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सरस्वती जयंती महोत्सव एवं खेल सप्ताह मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती सरस्वती चौक में 21 से 23 जनवरी तक होगा, साथ ही कई कार्यक्रम होंगे, जिसमें नगर स्तरीय 12 वर्ष से कम उम्र के नन्हे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ी हास्य कवि सम्मेलन में गीतकार मन्नूलाल यदु, हास्य कवि यशवंत यदु, गीतकार विनेश साहू, वीर रस के कवि रिक्की बिंदास, राजू छत्तीसगढ़ी आदि शामिल होंगे।

# तहसील के नए भवन का निर्माण, डीके अस्पताल की जमीन पर बना मलबे का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तहसील के नए भवन का काम जोरों से चल रहा है। इसके लिए खोदी जा रही जमीन से निकलने वाला मलबा डीके हास्पिटल की जमीन पर डाला जा रहा है। मजे की बात यह है कि हास्पिटल की जमीन पर मलबा पहाड़ जैसा रूप ले चुका है और जिला प्रशासन ने इसके लिए अस्पताल से अनुमति भी नहीं ली है। जहां मलबा डंप किया जा रहा है, वो जमीन न्यूरो सर्जरी के विस्तार के लिए चिन्हित है।

मानव अधिकार आयोग के कार्यालय के सामने डीके अस्पताल की जमीन है। इस जमीन का उपयोग अस्पताल में संचालित न्यूरो सर्जरी विभाग के विस्तार के लिए किया जाना है। दूसरी ओर तहसील के आधुनिक भवन का निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। पुराने भवन की जगह बनाए जाने वाली नई बिल्डिंग के कार्य के दौरान वहां से निकल रहे मलबे को सुरक्षित स्थान पर डालने के बजाए अस्पताल प्रबंधन की जमीन पर डंप किया जा रहा है। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन से अनुमति नहीं ली गई है और उसकी जमीन पर कई ट्रक मलबा डंप कर दिया, जो किसी ऊंचे टीले की तरह नजर आ रहा है।

हरिभूमि सरोकार

### न्यूरो सर्जरी की एक्सटेंशन की जमीन, परमिशन भी नहीं लिया गया





अस्पताल प्रबंधन से जुड़े उच्च पदस्थ अधिकारियों का तर्क है कि जमीन पर डाला मलबा अगर जिला प्रशासन नहीं हटाता है, तो निर्माण के दौरान उस पर अतिरिक्त खर्च आएगा।

### सरकारी गाड़ियां भी डंप

*हास्पिटल की जमीन पर स्वास्थ्य संचालनालय की कबाड़ हो चुकी सरकारी गाड़ियां और एंबुलेंस भी काफी संख्या में डंप हैं। पिछले दिनों चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने डंप वाहनों के स्क्रैप पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया था, संचालनालय के जिम्मेदारों को पत्र भेजकर डंप वाहनों के कबाड़ को हटवाया जाए। पूर्व में स्वास्थ्य संचालनालय पुराने नर्सिंग हास्टल भवन से संचालित होता था, जो नवा रायपुर शिफ्ट हो गया और वाहनों का कबाड़ डीके अस्पताल की जमीन पर रह गया।*

### एक्सपायरी नूडल्स फेंक गए लोग

*अस्पताल की यह जमीन अनावश्यक कचरा फेंकने के लिए भी उपयोग की जा रही है। कतिपय लोग कुछ दिन पहले यहां एक्सपायरी नूडल्स फेंक गए, जो अभी भी वहां पड़ा हुआ है। नूडल्स के पैकेट खुले में पड़े हुए, जो मवेशियों के लिए खतरनाक हो सकता है। कुछ समय पहले नगर-निगम द्वारा यहां शहर से समेटे जाने वाले कचरों को डंप किया जाता था। अस्पताल प्रबंधन की आपत्ति के बाद जगह बदली गई थी।*

# सीएम और मंत्रियों के विभागों पर चर्चा के साथ तैयार हुआ नया बजट, कैबिनेट की मंजूरी के बाद करेंगे पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का वर्ष 2026-27 का नया बजट बनकर तैयार हो गया है। खास बात ये है कि बजट बनाने की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया के तहत मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों के विभागों के बजट प्रस्ताव और नवीन मद के प्रस्तावों पर वित्त मंत्री से चर्चा पूरी हो चुकी है। यह बजट अब राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में रखा जाएगा, बाद में विधानसभा के बजट सत्र में इसे वित्त मंत्री पेश करेंगे।

राज्य का नया बजट बनाने की तैयारी में सरकार का वित्त विभाग महीनों से तैयारियों में जुटा था। इस प्रक्रिया के तहत विभागाध्यक्ष, सचिव स्तर की चर्चाएं पहले ही हो चुकी थीं। मंत्री स्तरीय चर्चा सबसे अंत में रखी गई थी। यह काम भी पूरा हो गया है। वित्त विभाग के सूत्रों के अनुसार बजट संबंधी दस्तावेज को अब प्रिंटिंग के लिए भेजा जा रहा है। प्रिंट होने के बाद यही प्रारूप राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में पेश होगा। वहां से मंजूरी के बाद राज्य विधानसभा के बजट सत्र में वित्त मंत्री नया बजट पेश करेंगे।

## पहली बार ग्रीन बजट लाने की तैयारी, बढ़ सकता है बजट का आकार

**खास बातें**

- पिछले मूल बजट के आकार में भी 35 हजार करोड़ के अनुपूरक की वजह से बजट का आकार पहले ही बढ़ चुका है




### इस बार आएगा ग्रीन बजट

राज्य में इस बार पहली बार ग्रीन बजट पेश करने की तैयारी है। बताया गया है कि वर्तमान में जेंडर बजट के अंतर्गत 100 प्रतिशत महिला केंद्रित व 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की भागीदारी वाली योजनाएं शामिल की जाती हैं। इसमें एक अतिरिक्त श्रेणी के रूप में 30 प्रतिशत से कम भागीदारी वाली योजनाओं को भी शामिल किया जाएगा। साथ ही परिणामी बजट, जेण्डर बजट, युवा बजट, कृषि बजट, चाइल्ड बजट भी आएगा।

### बढ़ेगा बजट का आकार

छत्तीसगढ़ सरकार के नए बजट का आकार पिछले वित्तीय वर्ष के बजट से बड़ा होने की संभावना है। सूत्रों की मानें तो बजट का आकार 8 से 10 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। हालांकि पिछले मूल बजट के आकार में भी 35 हजार करोड़ के अनुपूरक की वजह से बजट का आकार पहले ही बढ़ चुका है।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय संस्कृति जीवनशैली पर चित्रकला स्पर्धा 20 से

रायपुर। जनजातीय संस्कृति और जीवनशैली पर युवाओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता 20 और 21 फरवरी को नवा रायपुर स्थित आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित की जा रही है। इच्छुक प्रतिभागी 31 जनवरी तक पंजीयन एवं अधिक जानकारी के लिए अनुसूचित जनजाति विभाग से संपर्क कर सकते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रथम क्रम में पंजीकृत 150 चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 18-30 वर्ष एवं 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेना पूर्णतः निशुल्क है। प्रतिभागियों के लिए भोजन, आवास एवं यात्रा भत्ता की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी। प्रतियोगिता का परिणाम घोषित एवं पुरस्कार वितरण 21 फरवरी को किया जाएगा।

## निधन

### रंजनबाला खड़िया



रायपुर। जेल रोड साईं नगर निवासी रंजनबाला खड़िया (78) का 18 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 जनवरी को सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनसुखलाल खड़िया की पत्नी और वास्तुकार आनंद खड़िया, रविंद्र खड़िया, पिंकी सेठ की माता थीं।

### विनोद कुमार कक्कड़



रायपुर। आनंदम वर्ल्ड सिटी कचना निवासी विनोद कुमार कक्कड़ का 18 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे नवीन, मनीष एवं डॉ. पूजा धुप्पड़ के पिता थे।

### विजय पंजवानी



रायपुर। वुड्स एस्टेट कचना निवासी विजय पंजवानी (60) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 जनवरी को दोपहर 3 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दिलीप, संजय, मनोज पंजवानी के भाई और निखिल पंजवानी के पिता थे।

### आलोक यदु



रायपुर। बैरन बाजार निवासी आलोक यदु (69) का 18 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे जयंत यदु के बड़े भाई, कमलेश यदु के पति एवं चारु के पिता थे।

## शहर में 3 से 4 हजार राशनकार्ड केवाईसी नहीं होने से निरस्त

# केवाईसी नहीं कराने से 40 फीसदी का राशन अटका, हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में गरीब और मध्यम वर्ग के 40 फीसदी राशन कार्डधारी केवाईसी नहीं होने के कारण राशन पाने के लिए भटक रहे हैं। इनमें से कुछ कार्डधारी परिवार ऐसे हैं, जिनके यहां बुजुर्ग सदस्य के केवाईसी कराने में अंगूठे की रेखाएं आड़े आ रही हैं। उम्रदराज होने से हाथ की रेखाएं घिस गई हैं, इसके चलते मशीन थंब इंप्रेशन का प्रिंट एक्सेप्ट नहीं कर रही है। लोगों का ये भी कहना है, पहले फेस रीडिंग और थंब इंप्रेशन दोनों तरह के विकल्प दिए जा रहे थे, पर अब फेस रीडिंग की जगह केवल थंब इंप्रेशन जरूरी है। वरिष्ठजनों के थंब इंप्रेशन में आ रही दिक्कत को देखते हुए पूर्व में नामिनी का विकल्प रहा, पर वह सुविधा बंद कर दी गई। यही वजह है कि शहर के अलग-अलग वार्डों में केवाईसी नहीं होने से कार्डधारकों का राशनकार्ड ब्लॉक हो गया है। इसकी शिकायत वे वार्ड पार्षद से लेकर खाद्य विभाग तक कर रहे हैं। *इस पर एक रिपोर्ट :-*

रायपुर शहर में एपीएल और बीपीएल श्रेणी के 3 से 4 हजार राशनकार्ड ब्लॉक हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा एपीएल श्रेणी के राशनकार्ड हैं। जबकि जिलेभर में 8 से 10 हजार हितग्राहियों के केवाईसी नहीं कराने से राशनकार्ड निरस्त हो गए। सबसे बड़ी दिक्कत सीनियर सिटीजन को लेकर है, इनमें से ज्यादातर लोगों के थंब इंप्रेशन मशीन नहीं ले रही है, इसके चलते उनका केवाईसी कराने में अड़चनें आ रही हैं। वहीं जिन राशनकार्डों में चार सदस्य से ज्यादा संख्या है, उनमें यदि पांचवें सदस्य का केवाईसी नहीं कराया गया तो ऐसे में पूरा कार्ड ही ब्लॉक हो जा रहा है। कुछ कार्ड इसलिए भी निरस्त कर दिए, क्योंकि संबंधित सदस्य मोहल्ला छोड़कर दूसरी जगह चले गए। कुछ कार्ड ऐसे भी मिले, जिनमें मृतकों का नाम कटा नहीं है।



## बुजुर्गों के थंब इंप्रेशन में दिक्कत, भटक रहे हितग्राही

**केस 1**

### यतियतन लाल वार्ड

गोवर्धन नगर के रहने वाले हीरालाल को तीन माह से राशन नहीं मिला है। राशन दुकान में पूछने पर उन्हें बताया गया कि कार्ड का केवाईसी नहीं कराने से उनका राशनकार्ड निरस्त हो गया है। उन्होंने वार्ड पार्षद से भी गुहार लगाई। पार्षद ने जब इसकी जानकारी ली तो कहा जा रहा है, अब नया कार्ड बनाना पड़ेगा। इसके लिए आवेदन फार्म भरकर देना होगा, केवाईसी कराने के दो माह बाद राशन मिल सकेगा। वार्ड पार्षद नंदकिशोर साहू ने बताया कि उनके पास इस तरह की शिकायतें टिंबर मार्केट भनपुरी से भी आई हैं। वहां राशन कार्डधारी का ओल्ड एज फैक्टर की वजह से थंब इंप्रेशन नहीं हो पाया।

**केस 2**

### रामनगर, कलिंग नगर, भवानी नगर

नगर निगम जोन-7 के संत रामदास वार्ड स्थित रामनगर, कलिंग नगर और भवानी नगर में दर्जनभर से ज्यादा कार्डधारी राशन नहीं मिलने से सोसायटी और पार्षद कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। इनमें से कुछ कार्डधारी ऐसे हैं, जिन्होंने समय रहते केवाईसी तो करा लिया है, पर उनके नाम का राशन आवंटन नहीं आया। कार्डधारी को यह कहा जा रहा है कि सॉफ्टवेयर में केवाईसी कराने के दूसरे माह में आवंटन की प्रक्रिया शुरू होती है, इसलिए समय लग रहा है। भुक्तभोगी राशन के लिए भटक रहे हैं।

**केस 3**

### ब्राह्मणपारा वार्ड

ब्राह्मणपारा वार्ड में वार्डवासियों के लिए तीन जगहों पर सरकारी राशन दुकानें संचालित हैं। इनमें से एक पंचपथ पारा, दूसरी राशन दुकान अवधियापारा और तीसरी राशन दुकान सारथी चौक पर संचालित है। इन तीनों दुकानों में राशन कार्डधारियों के लिए फेस रीडिंग से केवाईसी की सुविधा नहीं है। केवल थंब इप्रेशन का विकल्प मिला है। इससे बड़ी संख्या में राशन कार्डधारियों का केवाईसी नहीं हो पाया है। लोगों ने वार्ड पार्षद अजय साहू के साथ मिलकर इसकी शिकायत खाद्य विभाग में की है। उन्हें विभाग के अधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया है कि मंगलवार से उनके वार्ड में फेस केवाईसी की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से एप जल्द शुरू होगा।

### कार्डधारी हैरान, केवाईसी के दो माह बाद मिल रहा राशन

ब्राह्मणपारा वार्ड, संत रामदास वार्ड, यतियतन लाल वार्ड, लालबहादुर शास्त्री वार्ड में ऐसे भी राशन कार्डधारी हैं, जिन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ राशन दुकानों पर जाकर केवाईसी कराए। इसके बाद भी उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। उन्हें कहा जा रहा है कि दो माह बाद राशन के लिए आना। अभी उनके नाम का राशन आवंटन नहीं आया है। ऐसे में उन्हें आवंटन मिलने तक इंतजार करना होगा। जबकि गरीब परिवार के सामने भूखों मरने की नौबत आ रही है। राशनकार्ड होते हुए भी उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है।

### जिले में 8 से 10 हजार राशनकार्ड निरस्त

रायपुर जिले में 8 से 10 हजार राशनकार्ड केवाईसी नहीं कराने की वजह से निरस्त किए गए हैं। माह की 10 तारीख के बाद राशनकार्ड का केवाईसी कराने पर संबंधित हितग्राही को दूसरे माह का राशन संबंधित राशन दुकान से मिल सकेगा, क्योंकि हर माह 10 तारीख से पहले सभी राशन दुकानों के लिए आवंटन किया जाता है। इसलिए जिन कार्डधारियों ने 10 तारीख से पहले राशनकार्ड का केवाईसी करा लिया है, उन्हें समय पर राशन देने की व्यवस्था है।

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक, जिला रायपुर*

## छग ओलंपिक संघ की मांग 40वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया ने नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ-साथ अहमदाबाद के वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित 'स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव' के सफल आयोजन के लिए केंद्रीय मंत्री को बधाई दी। साथ ही छत्तीसगढ़ में 'ट्राइबल गेम्स' के आयोजन की स्वीकृति देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान डॉ. सिसोदिया ने केंद्रीय मंत्री को छत्तीसगढ़ की खेल गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय (जो छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं) के नेतृत्व में राज्य में खिलाड़ियों के लिए अत्यंत सकारात्मक माहौल तैयार हुआ है।

- छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव ने केंद्रीय खेल मंत्री से की मुलाकात

### 40वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का प्रस्ताव

डॉ. सिसोदिया ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखते हुए कहा कि मेघालय में प्रस्तावित 39वें राष्ट्रीय खेलों के पश्चात, 40वें राष्ट्रीय खेलों (फरवरी 2028) की मेजबानी छत्तीसगढ़ को सौंपी जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे न केवल राज्य के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को भी एक बड़ा मंच मिलेगा। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए डॉ. सिसोदिया ने भारतीय ओलंपिक संघ की बैठकों में राज्य ओलंपिक संघों के वोटिंग अधिकार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह अधिकार सभी राज्य संघों के पास था, जिसे बाद में समाप्त कर दिया गया था। इसे पुनः बहाल किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## पीएससी ने पूछा-'अँगरी फोरना' व 'करम के नांगर ल भूत जोते' कहावत का अर्थ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छग महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत अधीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। छग लोक सेवा आयोग ने यह परीक्षा ली। उक्त भर्ती परीक्षा के जरिए प्रदेश में रिक्त अधीक्षक के 55 पदों पर नियुक्ति होगी। पीएससी ने इसके लिए रायपुर में 9 सेंटर बनाए थे। इसके लिए राजधानी में 3860 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 2549 ही उपस्थित रहे। शेष 1311 अभ्यर्थी परीक्षा दिलाने नहीं पहुंचे। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों और विषय विशेषज्ञों के मुताबिक, प्रश्नपत्र के कुछ हिस्से आसान रहे, कुछ रोचक तो कुछ कठिन रहे। छग संबंधित सवालों में के अंतर्गत सबसे कम वन आवरण वाला जिला, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग, ग्रेफाइट उत्पादन, रायपुर में राष्ट्रीय विद्यालय की स्थापना, छत्तीसगढ़ी के प्रथम उपन्यासकार, मिश्रित पर्णपाती वनों का प्रतिशत आदि प्रश्न पूछे गए।

### इस तरह के सवाल

- अँगरी फोरना मुहावरे का अर्थ क्या होता है?
- करम के नांगर ल भूत जोते कहावत का क्या अर्थ है?
- कालीदास द्वारा रामायण में वर्णित स्थल।
- गोदना के फूल के रचयिता कौन है?
- 'महापाषाणी संस्कार' किस जनजाति में प्रचलित है?
- ब्रिटिश काल के दौरान लिए जाने वाले 'ओवरी कर', 'सेवई कर', 'कलाली कर' और 'पण्डरी कर' संबंधित जानकारी।
- नकटा-नकटी का महत्व कौन-से नृत्य में होता है?
- छत्तीसगढ़ में रंगीनी लाख का उत्पादन किस परपोषी पौधे में किया जाता है?
- रंग चेतना के तीन पारंपरिक स्वांग झेरी, पारड़ी, खम्ब स्वांग किस जनजाति में होता है?

### जटिल रहे महिला व बाल विकास संबंधित सवाल

चूंकि परीक्षा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत अधीक्षक की थी, अतः परीक्षार्थियों से महिलाओं और बच्चों के लिए निर्मित कानून सहित अन्य तथ्य पूछे गए। कैलोरी बढ़ाने पर भी प्रोटीन की कमी वाला बच्चा सूजन से क्यों ग्रस्त रहता है? भारत का प्रथम सखी सेंटर कहां स्थापित किया गया था? परामर्शदाता और परामर्शार्थी के बीच किस प्रकार का संचार होना चाहिए? बच्चों के लिए वेश्लर बुद्धि मापनी, अवलोकन गृह, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम जैसे सवाल परीक्षा का हिस्सा रहे।

## पेज 09 के शेष ...

### गृह विज्ञान में केवल ...

की संख्या अधिक है। कला संकाय में 96313, विज्ञान संकाय में 95474 तथा वाणिज्य संकाय में 44435 छात्र पंजीकृत हैं। परीक्षा दिलाने वाले 2,46,098 छात्रों में से बालकों की संख्या 1,03,194 है, जबकि बालिकाओं की संख्या 1,42,904 है। अर्थात बारहवीं कक्षा में बालकों की तुलना में बालिकाओं की संख्या लगभग 39 हजार ज्यादा है।

### संदेह की आग बुझाएगी...

में डीपीआई के सहायक संचालक बजरंग प्रजापति और सतीश नायर शामिल हैं। हालांकि जिला शिक्षा कार्यालय ने प्रथम दृष्टया किसी साजिश से इनकार किया है। उनका कहना है कि भवन पुराना होने और निर्माण में लकड़ी का प्रयोग होने के कारण शॉर्ट सर्किट ने भीषण हादसे की शक्ल ले ली।

### सेवा पुस्तिका...

इनके लिए अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। कुछ दस्तावेज स्कूलों के पास भी होते हैं, कई की प्रतियां लोक शिक्षण संचालनालय में भी होती हैं। हालांकि कई फाइल ऐसी भी हैं, जो सिर्फ जिला शिक्षा कार्यालय में ही होती हैं। इनका बैकअप हासिल करना चुनौतिपूर्ण होगा।

### बढ़ रही दिन की लंबाई...

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राज्य में जनवरी के पहले और दूसरे सप्ताह में जिस तरह की ठंड पड़ी, उसकी वापसी होने के उम्मीद कम है। साथ ही ठंड का प्रभाव धीमे-धीमे सिमटना शुरू हो जाएगा। ठंड के दिनों में शाम साढ़े पांच बजे से ही अंधेरा होने लगता था। अब शाम 6 बजे के बाद ही दिन का ढलना शुरू हो रहा है, धीरे-धीरे इसकी टाइमिंग में और बढ़ोतरी होने के आसार बन रहे हैं।

14 जनवरी को मकर संक्राति के साथ ही सूर्य की दिशा उत्तर होने के बाद दिन की लंबाई बढ़ने लगती है। इसका असर चार दिन बाद ही नजर आने लगा है और आसमान के साफ होने के साथ धूप की तपिश भी बढ़ने लगी है। रविवार को दोपहर धूप के तेज होने का अनुभव हुआ और शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक होकर 31.4 तक पहुंच गया। इसके पूर्व रात में रायपुर, दुर्ग और माना के कई इलाकों में शीतलहर जैसी ठंड महसूस हुई।

अगले चौबीस घंटे में बड़ा बदलाव नहीं होगा, मगर आने वाले तीन पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है, जो 26 जनवरी तक ठंड के प्रभाव को कम कर सकता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड का असर कम हो सकता है।

### आउटर में रहेगा...

शून्य डिग्री सेल्सियस तक नीचे उतरा था। ठंड का प्रभाव पहले रिहायशी इलाकों में कम होगा, इसके बाद आउटर में इसका प्रभाव महसूस होगा। सामान्यतः खुले इलाकों में ठंड और गर्मी का असर तेजी से होता है।

### राजधानी के आधा दर्जन ...

केनाल लिंकिंग रोड ट्रैफिक सिग्नल तक, एनआईटी रायपुर से गोल चौक होकर रायपुरा चौक मुख्य मार्ग तक, जयस्तंभ चौक से सिटी कोतवाली चौक होकर बिजली आफिस चौक मुख्य मार्ग तक, महिला पुलिस थाना चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक मुख्य मार्ग तक के प्रमुख मार्ग को नो फ्लैक्स जोन घोषित कर दिया गया है। महापौर मीनल चौबे और नगरीय नियोजन विभाग के अध्यक्ष मनोज वर्मा एवं निगम आयुक्त विश्वदीप ने जोन आयुक्तों और नगर निवेश विभाग के अभियंताओं को नियमित रूप से प्रतिदिन सतत मानिटरिंग कर अभियान चलाते हुए इसका पालन कड़ाई से सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

## आपसी रंजिश में ई-रिक्शा से मारी टक्कर, अस्पताल में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आपसी रंजिश के चलते एक युवक को एक अन्य युवक ने अपने ई-रिक्शा से ठोकर मारकर घायल कर दिया। एक्सीडेट में गंभीर रूप से घायल युवक की डीकेएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र के फोटकपारा में रविवार शाम 5 बजे की है। पुलिस मामले की पड़ताल करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। एक्सीडेंट की घटना में कुलदीप की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, कुलदीप पैदल जा रहा था, इस दौरान ई-रिक्शा चालक मो. आसिफ खान ने कुलदीप को अपने ई-रिक्शा से टक्कर मार दी और फरार हो गया। ई-रिक्शा की ठोकर लगने से कुलदीप गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर पर गंभीर चोट आने की वजह से उसे उपचार के लिए डीकेएस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद था, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है। कुलदीप की मौत के बाद करीब दो सौ लोग अस्पताल पहुंच गए और प्रदर्शन किया।

### अभनपुर में भी चाकूबाजी के बाद चढ़ाई थी कार

चार दिन पूर्व 15 जनवरी को केंद्री में मड़ई मेला देखकर लौट रहे कार सवार युवकों की एक दोपहिया से टक्कर हो गई थी। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ। विवाद के बीच दोपहिया सवार लड़कों ने कार सवार युवकों पर चाकू से हमला कर दिया था। चाकूबाजी से आहत एक युवक ने दोपहिया सवार लड़कों पर कार चढ़ा दी थी। कार चढ़ाने से कैलाश तिवारी नामक युवक की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और शनिवार को जेल दाखिल किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# डॉयल 108 का हो चुका नया ठेका, पर वर्कआर्डर रुका, अभी भी पुरानी एजेंसी की पुरानी गाड़ियां दौड़ रहीं

## नई एजेंसी लाएंगी 375 एंबुलेंस, कॉल रिस्पांस नहीं करने पर 2500 जुर्माना

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मरीजों को गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचाने इस बार 375 एंबुलेंस राज्य में दौड़ाने की योजना बनाई गई है। साथ ही ठेका कंपनी द्वारा इमरजेंसी में आने वाले कॉल पर रिस्पांस नहीं देने पर 25 हजार के बजाय ढाई हजार जुर्माने का प्रावधान किया गया है। 108 संजीवनी एक्सप्रेस के संचालन के लिए नई एजेंसी के रूप में जीवीके (ईएमआरआई) टेक्निकल बिड में पात्र हो चुकी है और फाइनेंशियल बिड पूरी होने का इंतजार किया जा रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि ठेके के प्रोसेस को बेवजह लंबा खींचा जा रहा है। तब तक पुरानी एजेंसी की गाड़ियां ही दौड़ती रहेंगी।

### शुरुआती दौर में संचालन

राज्य में शुरुआती दौर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस और इस निशुल्क सेवा का संचालन इसी कंपनी द्वारा किया गया था। करीब दस साल तक शासकीय वाहन दौड़ने के बाद नई गाड़ियों के साथ हुए नए ठेके में जीवीके (ईएमआरआई) के स्थान पर जय अंबे इमरजेंसी सर्विस को इसकी जिम्मेदारी मिली थी और वर्तमान में उसी ठेका एजेंसी द्वारा वाहनों का संचालन किया जा रहा है।




### वाहनों में डिजिटल रिकार्ड

अभी एंबुलेंस की मदद लेने वाले मरीजों का रिकार्ड मैनुअली दर्ज किया जाता है। नए वाहनों में इसके लिए एमडीटी सिस्टम लगाने का जिक्र किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठेका एजेंसी को 30 हजार रुपए प्रति एंबुलेंस हर महीने भुगतान करने का जिक्र है। जबकि एंबुलेंस में यह सिस्टम लगाने का खर्च प्रति गाड़ी 60 हजार अनुमानित है।

सीजीएमएससी द्वारा करीब आठ महीने से ठेका देने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, जो अब तक पूरी नहीं हुई है। दो बार टेंडर निरस्त होने पश्चात तीसरी बार में एकमात्र कंपनी की उपस्थिति में टेक्निकल बिड की प्रक्रिया पूरी कर नियम-शर्तों के आधार पर 95 फीसदी से ज्यादा अंक देकर इसे पात्र करार दिया गया। ठेका प्रक्रिया पूरी करने के लिए फाइनेंशियल बिड पूरा होने का इंतजार किया जा रहा है। इसमें एंबुलेंस सेवा का संचालन करने के लिए खर्च के आधार पर दर तय किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग इस बार राज्य में मरीजों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए गाड़ियों की संख्या 3 सौ से बढ़ाकर 375 करने की तैयारी में है। इसके लिए कंपनी को वाहनों की व्यवस्था करनी होगी।

---

## जालसाज ने डॉक्टर को एक पखवाड़े तक डिजिटल अरेस्ट कर बनाया ठगी का शिकार

# 74 साल के रिटायर्ड वेटनरी डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर ठग लिए सवा करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा थाने में आमासिवनी, स्वर्णभूमि निवासी 74 साल के एक बुजुर्ग सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ डिजिटल अरेस्ट कर 1.28 करोड़ रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने डॉक्टर को वाट्स एप कॉल कर फर्जी एफआईआर की कॉपी भेजी और ठगी का शिकार बनाया। मामले की जांच रेंज साइबर पुलिस कर रही है। जालसाज ने डॉक्टर को 15 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर किस्तों में अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर करा ली।

- विधानसभा थाने में ठगी की शिकायत दर्ज
- फर्जी एफआईआर की कॉपी भेजकर बनाया ठगी का शिकार

डॉ. स्वपन कुमार सेन ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 31 दिसंबर को अज्ञात नंबर से वाट्स एप कॉल आया। कॉल करने वाला पुलिस वर्दी में था और अपने आपको मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताया। अज्ञात व्यक्ति को पुलिस वर्दी में देख डॉक्टर डर गया। इसी बात का फायदा उठाते हुए जालसाज ने डॉक्टर को उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने का झांसा देते हुए डॉक्टर के वाट्स एप पर एफआईआर की कॉपी पोस्ट की।

### झांसा दिया अकाउंट में ठगी की रकम

हरिभूमि सरोकार

स्वपन कुमार ने पुलिस में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक जालसाज ने 31 दिसंबर को जब उसके पास कॉल किया था, तब जालसाज ने डॉक्टर को उसके अकाउंट में करोड़ों रुपए ठगी की रकम ट्रांजेक्शन होने का झांसा दिया था। डॉक्टर ने जालसाज को बताया कि उसके अकाउंट से किसी तरह से ठगी की रकम ट्रांसफर नहीं हुई है। तब जालसाज ने डॉक्टर को झांसा देते हुए कहा कि उसके आधारकार्ड का गलत उपयोग कर उसके नाम से बैंक अकाउंट खुलवाकर उसमें ठगी की रकम ट्रांजेक्शन की गई है। इस बात की पड़ताल करने का झांसा देकर जालसाज ने स्वपन कुमार से उनके बैंक की जानकारी हासिल कर ठगी का शिकार बनाया।



### एफआईआर भेजने के बाद बैंक डिटेल मांगी

डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि जालसाज उसे फर्जी एफआईआर भेजने के बाद उससे बैंक अकाउंट, एफडी डिटेल की जानकारी वाट्स एप के माध्यम से मंगाई। गिरफ्तारी की डर से डॉक्टर ने जालसाज को अपनी सभी वित्तीय जानकारियां वाट्स एप के माध्यम से भेज दीं। साथ ही डॉक्टर को मुंबई पुलिस की एक टीम द्वारा जल्द गिरफ्तार करने आने का झांसा दिया गया।

### तीन अलग-अलग किस्तों में रकम आहरित

डॉक्टर को डिजिटल गिरफ्त में लेने के बाद जालसाज ने उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक डिटेल की जानकारी उनकी है या नहीं, इस बात की पुष्टि करने का झांसा दिया। साथ ही जालसाज ने 3 तथा 13 जनवरी को 34 लाख रुपए, 39 लाख तथा 55 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से डॉक्टर से ट्रांसफर कराए।

### एफडी तुड़वाकर दिए 55 लाख

पुलिस के अनुसार, डॉक्टर ने जालसाज के अकाउंट में पहली बार 34 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद जालसाज ने डॉक्टर को धमकाते हुए अकाउंट मिलान नहीं होने तथा गिरफ्तारी का भय दिखाते हुए 10 दिन बाद 39 लाख रुपए ट्रांसफर कराए। आखिरी बार 55 लाख ट्रांसफर करने के बाद डॉक्टर को अपने साथ ठगी होने का शक हुआ। इसके बाद वे थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। बताया जा रहा है, जालसाज ने डॉक्टर से और रकम आरटीजीएस करने के लिए कहा, तब डॉक्टर ने अकाउंट में पैसे नहीं होने की बात कही। इस पर जालसाज डॉक्टर को गिरफ्तारी का भय दिखाते हुए किसी अन्य तरह से पैसों की व्यवस्था कर ट्रांसफर करने दबाव बनाने की कोशिश की।

### पुलिस ने होल्ड कराए 60 लाख

घटना के तीन बाद डॉक्टर 16 जनवरी को ठगी की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे। इसके बाद रेंज साइबर पुलिस ने जिन अकाउंट में रकम ट्रांसफर की गई थी, उनके बारे में जानकारी हासिल कर डॉक्टर के 60 लाख रुपए के करीब रकम होल्ड कराने में सफलता हासिल की है। जिन अकाउंट में रकम ट्रांसफर की गई है, उन अकाउंट के बारे में जानकारी हासिल कर पुलिस जालसाजों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

---



## शराब की ओवर रेटिंग सेल्समैन सेवा से बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शराब की ओवर रेटिंग तथा अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो कोचियों के कब्जे से 15.48 लीटर शराब जब्त की है। साथ ही आबकारी विभाग की टीम ने एक सेल्समैन को तय कीमत से ज्यादा दाम पर शराब बेचने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आबकारी विभाग की टीम ने तिल्दा खरोरा के टंडवा शराब दुकान में तय कीमत से ज्यादा दाम पर शराब बेचने के आरोप में करण रात्रे को मौके पर ही बर्खास्त कर दिया। आबकारी विभाग की टीम को करण द्वारा ओवर रेटिंग कर शराब बेचे जाने की शिकायत मिली थी। इसके बाद आबकारी विभाग के टीम में शामिल एक आबकारी अधिकारी ग्राहक बनकर शराब खरीदने पहुंचा। करण ने आबकारी अधिकारी से शराब की तय कीमत से ज्यादा पैसों की मांग की।

- आबकारी अधिकारी ग्राहक बनकर शराब खरीदने पहुंचा

**दो शराब कोचियों के घर छापा :** तिल्दा तथा खरोरा थाना क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री करने की शिकायत पर आबकारी विभाग की टीम ने तिल्दा में नंदकुमार धृतलहरे की घर में दबिश देकर 42 पौवा देशी शोले शराब जब्त की। इसी तरह खरोरा, बुड़ेनी में प्रकाश पारधी के घर में दबिश देकर 44 पौवा देशी शराब जब्त की है। दोनों आरोपियों को आबकारी विभाग की टीम ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है।

---

## खबर संक्षेप

### आंबा कार्यकर्ता-सहायिका मितानिनों ने किया प्रदर्शन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के राजीव गांधी चौक पर रविवार को एआईयूटीयूसी से संबद्ध छत्तीसगढ़ मितानिन-आशा यूनियन और संघर्षशील आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की ओर से बड़ी संख्या में महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोश जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। महिलाएं पूरे जोर-शोर से अपनी मांगों के लिए नारे लगा रही थीं। मांगें पूरी नहीं होने पर और बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस मौके पर मितानिन यूनियन की बबीता सोना, नीरा देवी, ममता एक्का ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जीने लायक सम्मानजनक मानदेय दिया जाए, राज्य सरकार की ओर से प्रतिमाह 2200 से बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया जाए। प्रदर्शन में एआईयूटीयूसी के राज्य प्रभारी विश्वजीत हारोडे, संघर्षशील यूनियन की अध्यक्ष कल्पना चंद आदि शामिल थे।

### चेट्रीचंड्र पर बाइक रैली नर और नारायणी करेंगे समाज का प्रतिनिधत्व



**रायपुर।** सिंधी समाज के आराध्य, ईष्टदेव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव 20 मार्च को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में जय झूलेलाल महोत्सव समिति द्वारा नर और नारायणी का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। नर अर्थात पुरुष वर्ग, नारायणी अर्थात मातृ शक्ति। समिति द्वारा भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी, जिसमें माताएं, बहनें, पुरुष, बच्चों समेत सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। समिति के संस्थापक प्रशांत राज गावरी व आदर्श कलवानी ने संयुक्त रूप से बताया, आयोजन का एकमात्र उद्देश्य होता है कि सभी वर्गों को समाज में एक मंच पर आमंत्रित करना एवं एकता के सूत्र में पिरोना। इस आयोजन में संतों को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा एक भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिसकी तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने में समिति के योगेश घिंडवानी, राजकुमार पंजवानी, संतोष सचदेव, हर्षित लेखवानी, प्रियांशु रत्नानी, हेमंत बुधवानी, मोहित नंदानी, राहुल पमनानी, धनराज डोडवानी, जय काशवानी, मुरली शादीजा, प्रतीक राज गावरी, आयुष माधवानी एवं अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

### टोकन काटना बंद, हजारों किसान धान बेचने से वंचित



**रायपुर।** किसान नेता उधोराम वर्मा ने मांग कि है कि सरकार स्पष्ट करे, शेष बचे किसानों के धान की कैसे खरीदी करेगी। साथ ही किसानों से समर्पण करना बंद करें, किसानों का पूरा धान खरीदे सरकार, समय नहीं बढ़ाने का निर्णय सरकार का तुगलकी निर्णय है, इसे वापस लेकर समयसीमा बढ़ाएं। श्री वर्मा ने बताया कि सरकार लगातार किसानों को परेशान करने का कार्य कर रही है। समितियों द्वारा लिमिट बढ़ाने की मांग भी अनसुनी करने के बाद लाखों किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। किसान एवं समिति प्रभारी दोनों को समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें? किसानों की लिस्ट भेजने के बाद क्या निर्णय लेंगे, बता नहीं पा रहे हैं, लिमिट भी नहीं बढ़ाई गई है, ऐसी स्थिति में अंतिम तिथि 31 जनवरी से 30 करने के बाद प्रभारी एवं किसान इन दिनों चिंतित हैं। समिति में बिना लिमिट बढ़ाए खरीदी असंभव है, फिर अगर अचानक लिमिट बढ़ाने से खरीदी केंद्र की व्यवस्था नहीं कर पाएगी, क्योंकि तिगुना करने पर ही खरीदी हो पाएगी।

---

## एनएचएआई ने ब्लैक-स्पॉट्स दुरुस्त किए 200 करोड़ की परियोजना पर काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा चिन्हांकित ब्लैक-स्पॉट्स पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं। अंडरपास और सर्विस रोड निर्माण परियोजनाओं के लिए भी टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एनएचएआई द्वारा सड़क सुरक्षा उपायों के तहत विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों पर रंबल स्ट्रिप्स, क्रैश बैरियर्स, सोलर ब्लिंकर, हाईमास्ट लाइट्स तथा मानक साइन बोर्ड्स लगाए गए हैं। ये कार्य दुर्घटना संभावित स्थलों और व्यस्त मार्गों पर किए गए हैं। यातायात व्यवस्थित करने और राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने वाले स्थानीय आवागमन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से अंडरपास और सर्विस रोड निर्माण की योजना बनाई गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के दुर्ग से महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा खंड पर सुंदरा, पेंड्री, चिचोला, महाराजपुर और सोमनी गांवों में लगभग 90 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से अंडरपास एवं सर्विस रोड निर्माण के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। साथ ही रसमड़ा में लगभग 30 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग–30 के रायपुर–सिमगा खंड पर सांकरा और सिलतरा में 80 करोड़ रुपए से अधिक की अनुमानित लागत से अंडरपास निर्माण तथा चरोदा में लगभग साढ़े छह करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बायपास क्रॉसिंग निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

- छत्तीसगढ़ में अंडरपास और सर्विस रोड निर्माण के लिए टेंडर

---

## महिला डॉक्टर का मोबाइल पार अकाउंट से उड़ाए सवा दो लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वास्थ्य संचनालय में पदस्थ एक महिला नेत्र चिकित्सक ने आजाद चौक थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ मोबाइल पार कर उनके बैंक अकाउंट के यूपीआई अकाउंट से ऑनलाइन 2.26 हजार रुपए चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। समता कालोनी निवासी डॉ. निधि ग्वालरे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. निधि ने पुलिस को बताया कि वे 13 जनवरी को तड़के साढ़े पांच बजे समता एक्सप्रेस से दिल्ली से रायपुर लौटीं। इसके बाद ऑटो में सवार होकर वे अपने घर पहुंचीं, जहां अपने बैग की तलाशी ली तो बैग से मोबाइल गायब मिला। इसके बाद महिला डॉक्टर ने थाने पहुंचकर अपना मोबाइल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराते हुए सिम को ब्लॉक करा दिया।

### रकम आहरित होने पर मिली जानकारी

महिला चिकित्सक ने पुलिस को बताया कि मोबाइल का सिम ब्लॉक कराने के बाद उसने उसी नंबर का नया सिम अलॉट कराया। इसके बाद महिला डॉक्टर के मोबाइल पर शनिवार को पांच हजार रुपए डेबिट होने का मैसेज आया। पैसे डेबिट होने के बाद महिला डॉक्टर बैंक में स्टेटमेंट लेने गई। वहां उसे जानकारी मिली कि जिसने उसका मोबाइल चोरी किया है, उसी ने बैंक अकाउंट से यूपीआई के माध्यम से 13 जनवरी से 16 जनवरी के बीच रकम आहरित की है।

### इस तकनीकी गड़बड़ी का लाभ उठाया जालसाज ने

सिम ब्लॉक होने के बाद चोर द्वारा महिला के अकाउंट से यूपीआई से रकम आहरित करने को लेकर एक्सपर्ट से बात करने पर बताया कि सिम ब्लॉक होने पर मोबाइल चोरी करने वाला महिला डॉक्टर के अकाउंट से रकम आहरित नहीं कर पाया। महिला डॉक्टर ने जैसे ही नया सिम अलॉट कराया। सिम चालू करने ओटीपी आने पर महिला डॉक्टर का मोबाइल चालू हुआ। उसके बाद चोरी मोबाइल के ब्लॉक सिम में यूपीआई स्वतः एक्टिवेट हो गया। इसके बाद चोर ने महिला के अकाउंट के यूपीआई से रकम आहरित कर ली। एक्सपर्ट के अनुसार ब्लॉक सिम में यूपीआई एक्टिवेट रहता है।

---




---

टिठुरती ठंड में भी रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक शहर को स्वच्छ बनाने जुटी टीम

## सात रोड स्वीपिंग मशीनों से क्लीन सिटी की मुहिम, शहर और आउटर की सड़कों से रोज निकाल रहे 16 टन धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी सहित आउटर के इलाकों को साफ-सुथरा रखने निगम से अनुबंधित ग्लोबल गूच एचपीएल एजेंसी की 7 रोड स्वीपिंग मशीनें रात्रिकालीन सफाई कर रोजाना 16 टन धूल साफ कर रही हैं। साथ ही सड़क की धुलाई, डिवाइडर की सफाई और धुलाई के साथ स्टैचू की धुलाई का कार्य 140 लोगों की टीम के साथ नियमित रूप से करा रही है। शहर के 2 लेन, फोरलेन और सिक्सलेन की चिन्हांकित सड़कों की मैकेनाइज्ड तरीके से सफाई के इस कार्य में नए वर्ष से 66 किलोमीटर का दायरा बढ़ाया गया है। इसके लिए नए रूट पर रात्रिकालीन सफाई कराई जा रही है। टाटीबंध से भनपुरी और लोधीपारा से पुराने विधानसभा मार्ग पर सबसे ज्यादा धूल की समस्या सामने आई है।

शहर को देश के सबसे स्वच्छ शहर की रैंकिंग में लाने रायपुर नगर निगम ने शहर के 86 किलोमीटर के दायरे वाली सड़क की मशीन से सफाई शुरू की है। पहले 4 रोड स्वीपिंग मशीनें रात्रिकालीन सफाई में लगाई गई थीं। नए वर्ष से रोड स्वीपिंग एजेंसी ने सफाई का दायरा बढ़ाया है। साथ ही शहर के चिन्हांकित इलाकों में 7 रोड स्वीपिंग मशीनें चलाई जा रही हैं, जो कि शहर की सड़कों पर उड़ने वाली बारीक धूल के कणों की सफाई करती हैं। ये मशीनें बूढ़ेश्वर मंदिर से पुलिस लाइन गेट, चांदनी चौक से नीलकंठेश्वर मंदिर तक, सिद्धार्थ चौक से माता कौशल्या विहार गेट और एम्स हास्पिटल से हीरापुर चौक की सड़क की रात्रिकालीन सफाई में लगी हैं। इसी तरह लोधीपारा चौक से विधानसभा गेट नंबर 3, टाटीबंध से भनपुरी चौक सहित अन्य रूटों पर रोड स्वीपिंग मशीनें सड़कों की सफाई में उतारी गई हैं।



### 7 रोड स्वीपिंग मशीनें 140 कर्मियों की टीम

मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी रायपुर में रोड स्वीपिंग मशीनों से शहर की चिन्हांकित सड़कों की रात्रिकालीन सफाई कराई जा रही है। अनुबंधित एजेंसी ने इस कार्य में 7 रोड स्वीपिंग मशीनें उतारी हैं। प्रत्येक मशीन के साथ 20 मजदूरों की टीम रात्रिकालीन सफाई में जुटी है। इस तरह 7 मशीनों के लिए 140 लोगों को सफाई कार्य पर लगाया गया है, जो मशीन के साथ रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नियमित रूप से शहर के सड़कों की सफाई में लगे हुए हैं। गर्मी हो या ठंड का मौसम, रोड स्वीपिंग मशीन के साथ सफाई कार्य करने वाली टीम शहर को चकाचक बनाने मेहनत कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, इनमें से ज्यादातर रायपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासी हैं, जो शिद्दत के साथ इस कार्य में जुटे हुए हैं।



हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





देश-धर्म का मान करें, संस्कृति का....

एजुकेशन अलर्ट

## एयरफोर्स अग्निवीर वायु पदों पर आवेदन शुरू,1 फरवरी अंतिम तिथि




**रायपुर।** भारतीय वायु सेना में शामिल होने का सपना देख रहे स्टूडेंट्स के लिए बड़ी खबर है। इंडियन एयरफोर्स की ओर से अग्निवीर वायु भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर जाकर या इस पेज पर उपलब्ध करवाए गए डायरेक्ट लिंक से आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 1 फरवरी 2026 निर्धारित है। एयरफोर्स अग्निवीर वायु पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमीडिएट (12वीं)/ गणित, भौतिक विज्ञान और अंग्रेजी विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से 12वीं/ मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, कंप्यूटर साइंस, इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी आदि विषय में इंजीनियरिंग डिप्लोमा प्राप्त किया हो अथवा दो वर्षीय वोकेशनल कोर्स न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास किया हो। इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17.5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 21 वर्ष से ज्यादा न हो अर्थात उम्मीदवार का जन्म 1 जनवरी 2006 से पहले एवं 1 जुलाई 2009 के बाद न हुआ हो। इन सबके अलावा महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों की न्यूनतम लंबाई 152 सेमी होना आवश्यक है। आरक्षित क्षेत्र को इसमें छूट दी गई है। इंडियन एयरफोर्स अग्निवीर पदों पर आवेदन के लिए सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को फीस के रूप में 550 रुपए जमा करना होगा। फीस भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। भर्ती से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर विजिट करें। वेबसाइट के होम पेज पर IAF AGNIVEERVAYU INTAKE 01/2027 से संबंधित आवेदन के डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करें। अब आपको नए पेज पर रजिस्टर बटन पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरकर पंजीकरण करना होगा। इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लें। अंत में निर्धारित शुल्क जमा करके फॉर्म को सबमिट कर दें और उसका एक प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।

छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज का 50वां वार्षिक अधिवेशन, कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

# सेना का जुनून है, युवाओं की जान है सारे जहां से प्यारा मेरा हिंदुस्तान है...

*'सेना का जुनून है, युवाओं की जान है, सारे जहां से प्यारा मेरा हिंदुस्तान है...' कवि पार्थ नवीन ने अपने काव्य पंक्ति से देशभक्ति का संचार किया। वहीं, 'मदरस कस गुरतुर भाखा...अउ सोनहा इहां के माटी, पहुना ल भगवान सही माने के हावय परिपाटी, सुनता अतेक एक-दूसर ल कहे के जल्दी आगू बढ़, सबले बढ़िया छत्तीसगढ़, सबले मयारु छत्तीसगढ़, धान के कटोरा छत्तीसगढ़...' कवि रमेश सर्वहारा ने अपनी इन पंक्तियों से प्रदेश के माटी के प्रति प्रेम की भावना को जागृत कर श्रोताओं को माटी प्रेम से जोड़ा।*

**रायपुर।** मौका था छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज का 50वां वार्षिक अधिवेशन पर कवि सम्मेलन का, जो रविवार को रात 8 बजे से सरदार बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ। कवि सम्मेलन की शुरुआत प्रतापगढ़ से पहुंचे कवि पार्थ नवीन ने की। उन्होंने अपने हास्य व गीत से काव्य संध्या में समां बांध दिया। उनकी कविता 'ख्यालात सुन होगी बरसात, उसी जज्बात में नहाता चला जाऊंगा... ह्रदय की लय पर होकर अभय यहां जय को उदय पर लाता चला जाऊंगा, जय को उदय पर लाता चला जाऊंगा, कलियों से डालियां ,कविता से तालियां, जीजाजी से सालियां मिलाता चला जाऊंगा...' सुन इंडोर स्टेडियम ठहाकों और तालियों से गूंज उठा। इसके बाद एक से बढ़कर एक वीर, हास्य व व्यंग रस की गीत व कविताओं की सरिता में काव्य प्रेमी देर रात तक डुबकी लगाते रहे। कविगण अपनी कविताओं से श्रोताओं को गुदगुदाते रहे।



### इन कवियों ने किया काव्य पाठ

इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देवास के सवस एवं संचालक कवि डॉ. शशिकांत यादव, मेरठ के वीर रस कवि डॉ. हरिओम पवार, बिहार के हास्य सम्राट कवि शंभु शिखर, प्रतापगढ़ के पैरोडीकार पार्थ नवीन, छत्तीसगढ़ के गीतकार रमेश विश्वहास, आगरा की गीत-गजल कवि योगिता चौहान और छत्तीसगढ़ के कवि भरत द्विवेदी ने काव्य की सरिता बहाया।

### हंसी-ठहाकों से सराबोर हुए श्रोता

काव्य प्रेमी कवि सम्मेलन में शुरू से समापन तक हंसी और ठहाकों से सराबोर होते रहे। हास्य कवि शंभू शिखर ने 'भूल से भी पत्नी को एसडीएम ना बनाना' कविता सुनाया तो महिलाएं हंसते-हंसते लोट-पोट हो गईं। वहीं, उन्होंने सत्ता और व्यवस्था पर कटाक्ष जोरदार किया।'सत्ता के नशे में चूर मगरूर थे हुजूर, दूर-दूर तक बाग देखते रहे, शांति के परिंदों के जो पंख ही उड़ाते रहे, आप उन दरिंदों के दिमाग देखते रहे...।'



## वार्षिक कैलेंडर और पत्रिका मंगल माधुरी विमोचित व्यवसाय बढ़ाने सहित तीन विषयों पर किया मंथन



छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की केंद्रीय समिति द्वारा 50वें वार्षिक अधिवेशन का शानदार आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 22 जिलों की इकाइयों से जुड़े 5000 सदस्यों ने सहभागिता निभाई। बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित अधिवेशन में डिप्टी सीएम विजय शर्मा, पूर्व सीएम भूपेश बघेल और दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, समाज की पत्रिका मंगल माधुरी और वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इसके बाद तीन विषयों पर सामाजिक मंथन किया गया। पहले क्रम में 'भविष्य की योजनाओं के लिए एक बच्चा और पालिए', दूसरा विषय था 'हम व्यापार तो करते हैं, लेकिन आपस में व्यापार कैसे बढ़ाएं' इसको लेकर वैचारिक मंथन के साथ अंतिम विषय के रूप में 'छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के लोग अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों की सेवा के लिए जीते हैं।' इससे कैसे जीवन सार्थक होता, इसको लेकर चर्चा की गई।

### किसी व्यक्ति के लिए समाज ही सबकुछ

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि समाज में गंगा विराजित होती है। किसी व्यक्ति के लिए उसका समाज ही सबकुछ होता है, क्योंकि वह व्यवस्थित इकाई के रूप में काम करता है। छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवास समाज ने छत्तीसगढ़ की उन्नति और प्रगति के लिए आधार भी बना है। डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने समाज द्वारा दान में दी गई जमीनों का जिक्र करते हुए सरोकार के लिए उनकी पहल को भी मंच से सराहा। वहीं, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए लंबे समय तक आंदोलन करने वाले दाऊ आनंद कुमार से मेरा अच्छा संबंध था।

### योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता

वहीं, छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बताया ने करीब 400 साल पहले मुगलों के आतंक से त्रस्त होकर अग्रवालों के पूर्वज छत्तीसगढ़ पहुंचे और यहां की संस्कृति को अपनाकर छत्तीसगढ़िया हो गए। पूर्वजों को छत्तीसगढ़ से जो भी मिला उन्होंने सभी छत्तीसगढ़ के विकास में लगा दिया। छत्तीसगढ़ के विकास में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। पूर्वजों ने उस छत्तीसगढ़ की कल्पना की थी, जो आज 25 साल का हो चुका है। इन वर्षों में सभ्यता, संस्कृति, त्योहार और व्यवहार को स्वतिरोहित किया। छत्तीसगढ़ महतारी से जो प्यार- दुलार मिला, उस दायित्व को समाज ने छत्तीसगढ़ में कई शैक्षणिक चिकित्सालय, तालाब, कुएं, धार्मिक स्थल का निर्माण करवाते हुए स्थापित किया। बदले में लोगों ने हमें कर्म से दाऊ नाम का संबोधन और सम्मान दिया।

सिटी इवेंट

## बोर्ड एग्जाम में सफलता पाने, सिलेबस पैटर्न ब्लूप्रिंट, अंक विभाजन बेस की तैयारी जरूरी



**रायपुर।** दानी गर्ल्स स्कूल के लेक्चरर, मैथ्स टीचर सीके वर्मा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए टिप्स देते हुए बताते हैं कि बोर्ड एग्जाम का पैटर्न सिलेबस+ब्लूप्रिंट+अंक विभाजन पर आधारित होता है। इसी के आधार पर हम बच्चों को गणित विषय के सवालों, सूत्रों की प्रैक्टिस कराते हैं। क्लास में नियमित यूनिट टेस्ट के साथ ही प्री-बोर्ड एग्जाम भी आयोजित होता है। स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफलता के साथ ही अच्छे अंक हासिल करने हैं तो क्लास में यूनिट टेस्ट, प्री-बोर्ड एग्जाम के सवालों को नियमित घर पर हल करना चाहिए। वहीं, अंक विभाजन के स्टेप टू स्टेप 1 नंबर, 4 नंबर, 5, नंबर, 6 नंबर के प्रश्नों को विभाजित कर तैयारी कराना चाहिए। ऑब्जेक्टिव प्रश्नों में मैथ्स के नॉलेज बेस प्रश्न आते हैं, जिनमें परिभाषा, सूत्र, मान ज्ञात करने जैसे सवाल परीक्षा में पूछे जाते हैं। परीक्षा में मैथ्स में 80 नंबर के थ्योरिकल एग्जाम और 20 नंबर का प्रोजेक्ट शामिल होते हैं।

### मैथ्स के फार्मूलों को प्रैक्टिस से समझें

कुशालपुर गवर्नमेंट हाईस्कूल की लेक्चरर, मैथ्स टीचर श्वेता बारिक बोर्ड परीक्षा के टिप्स देते हुए बताती हैं कि मैथ्स के सवालों पर पकड़ के लिए नियमित प्रैक्टिस चाहिए होती है। क्लास रूम में 10वीं के मैथ्स विषय के सिलेबस में विद्यार्थियों को बहुपद ज्यामितीय, आयकर, त्रिकोणमिति, समीकरण, बीजगणित, अनुपात, समानुपात, योगअनुपात, बहुलक, आवर्ती जमा खाता और सावधि जमा खाते, पाइथागोरस प्रमेय, थेल्स के प्रमेय से जुड़े फार्मूलों को प्रैक्टिस से समझाने व याद रखने के तरीके बताते हैं।

स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफल होना है तो नियमित मैथ्स क्लास अटेंड करना और घर पर प्रैक्टिस भी बहुत जरूरी है। सिलेबस, ब्लूप्रिंट और अंक विभाजन के अनुरूप ही चैप्टर की तैयारी ही बोर्ड एग्जाम की बेस्ट तैयारी का तरीका है। मैथ्स विषय के इस तैयारी को विद्यार्थी भी बड़ी रुचि के साथ करते हैं।

### पार्ट-पार्ट में सिलेबस रीडिंग की टाइम सेट करें

10वीं के लेक्चरल टीचर्स शिव कुमार साहू का कहना है कि बोर्ड एग्जाम को लेकर नियमित तौर पर सिलेबस की प्रैक्टिस करेंगे तो दिमाग पर दबाव नहीं आएगा। पार्ट-पार्ट में सिलेबस रीडिंग की टाइमिंग मैनेज कर लें, फिर तैयारी करें। ऐसा करने से परीक्षा के समय पर एकदम से बोझ दिमाग पर नहीं आएगा। विषयों की बार-बार प्रैक्टिस से आपका मनोबल भी बढ़ेगा। जब स्टूडेंट्स नियमित तौर पर टाइम मैनेजमेंट कर विषयों की तैयारी करेंगे तो उनको परीक्षा हॉल में किसी तरह के नर्वस मोमेंट का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही वह निर्धारित समय पर सभी प्रश्नों को अच्छी तरह से हल कर पाएंगे।

## स्टूडेंट्स ने मल्टी नेशनल कंपनियों में प्लेसमेंट प्रिपरेशन के आइडियाज जाने

**रायपुर।** एनआईटी में मॉक प्लेसमेंट-2026 का आयोजन संस्थान के सहयोग द स्टूडेंट वेलबीइंग क्लब के माध्यम से किया गया। यह छात्र केंद्रित पहल छात्रों को प्लेसमेंट एवं भर्ती प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की गई। इस तीन दिवसीय मॉक प्लेसमेंट में अभ्यास को वास्तविक प्लेसमेंट प्रक्रियाओं एवं भर्ती प्रक्रियाओं के अनुसार डिज़ाइन किया गया है, जिससे छात्रों को अपनी तैयारी का आकलन करने, परीक्षा परिस्थितियों में प्रदर्शन सुधारने तथा आगामी प्लेसमेंट सत्र के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायता मिला। इस प्रक्रिया में तीन चरण शामिल थे। ऑनलाइन असेसमेंट, समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार, जिससे प्रतिभागियों को संपूर्ण प्लेसमेंट प्रक्रिया की व्यापक समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम में विभिन्न ब्रांचों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मॉक टेस्ट वास्तविक प्लेसमेंट में ऑनलाइन असेसमेंट, जिनमें एप्टीट्यूड टेस्ट, तकनीकी मूल्यांकन तथा उद्योग-स्तरीय भर्ती मानकों के अनुसार प्रश्न शामिल रहे। इन सिमुलेशनों के माध्यम से छात्रों को प्लेसमेंट प्रक्रिया के पैटर्न, प्रश्न प्रारूपों एवं प्रभावी समय प्रबंधन रणनीतियों की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। डॉ. एके दास एवं डॉ. मधुकृष्णा प्रियदर्शिनी, फैकल्टी इन चार्ज, सहयोग के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।




### उम्मीदवारों का हुआ मूल्यांकन

*साक्षात्कार चरण में उम्मीदवारों का मूल्यांकन उनके कोर एवं तकनीकी विषयों, कोडिंग प्रश्नों (इम्प्लीमेंटेशन सहित), रिज़्यूमे की गुणवत्ता एवं समग्र प्रस्तुति के आधार पर किया गया। साथ ही, छात्रों को उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि एवं प्रोफ़ाइल के अनुरूप पहेलियां एवं विषय-विशेष प्रश्न भी पूछे गए। प्रतिभागियों ने अपने समाधानों को स्पष्ट रूप से समझाया तथा जहां आवश्यक हो, वहां कोडिंग लॉजिक का प्रदर्शन किया गया।*

## चेट्रीचंड्र महोत्सव की तैयारी शुरू समिति ने बनाई आपसी सहमति

**रायपुर।** चैत्र मास के पहले दिन से प्रति वर्ष की भांति 59वें वर्ष भी सिंधी समाज रायपुर चेट्रीचंड्र महोत्सव मनाने जा रहा है। समिति के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने बताया कि रविवार को आयोजन की तैयारी शुरू करते हुए 72 पंचायतों से जुड़े प्रमुखों की महाबैठक की गई। लाखेनगर स्थित संत कंवरराम सिंधी धर्मशाला में पंचायतों के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि प्रति पंचायत एक झांकी, भारत माता, छग महतारी, हिंगलाज माता की झांकी शोभायात्रा में शामिल की जाएंगी। सबसे पहले बहराणा साहेब की झांकी, सिंधु संस्कृति पर आधारित होगी। वैश्विक युद्ध विभीषिका पर भव्य झांकी, संत कंवरराम पर आधारित झांकी, स्वतंत्रता सेनानी हेमू कालाणी की शहादत पर आधारित झांकी प्रमुखता से शामिल की जाएंगी।



### कई संस्थाएं आयोजन में होंगी शामिल

इस वर्ष भी प्रशासन से अनुमति लेकर 20 मार्च को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। पंचायतों की बैठक में मुखी मनूमल, डॉ. भीमनदास बजाज, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, अजीत कुकरेजा, आनंद कुकरेजा, भाजपा प्रवक्ता अमित चिमनानी, छग सिंधी पंचायत के मुखी महेश दरयानी, किशोर आहूजा, पार्षद सचिन मेघानी, कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, पवन प्रीतवानी, झामनदास अठवानी और अनेश बजाज शामिल हुए। श्री अठवानी ने बताया कि सिंधी समाज की कई संस्थाएं आयोजन में शामिल होंगी और शोभायात्रा की भव्यता में सहभागी बनेंगी। 10वें वर्ष भी बढ़ते कदम ने शोभायात्रा के मार्ग से कचरा सफाई का जिम्मा लिया है। महोत्सव के दिन व्यवसाय बंद रखते हुए समाज के लोग आयोजन में शामिल होंगे।

ग्रैंड फिनाले में प्रदेशभर से आए युवाओं ने रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

## मिस एंड मिस्टर छत्तीसगढ़ बनने युवाओं ने बिखेरा फैशन का जलवा, ग्रैंड फिनाले में दिखा टैलेंट



कार्नर न्यूज

**रायपुर।** तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) पर रविवार को कलर्स इवेंट की ओर से आयोजित मिस एंड मिस्टर छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में फैशन और स्टाइल का संगम देखने को मिला। इस दौरान प्रदेशभर से आए युवाओं ने रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जजेस को प्रभावित करने के लिए प्रतिभागियों ने अलग-अलग थीम के परिधानों में रैंप वॉक किया। देर शाम शुरू हुआ यह कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसमें युवाओं के आत्मविश्वास और स्टाइल ने दर्शकों का दिल जीत लिया। ऑडिशन के कई चरणों को पार कर ग्रैंड फिनाले में पहुंचे प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। फाइनल में उन्होंने न केवल ड्रेस और वॉक, बल्कि थीम आधारित राउंड और एक्टिंग के जरिए भी खुद को साबित किया। जजेस ने उनकी चाल-ढाल, परिधान और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया।










### गांवों और दूरदराज के जिलों से भी पहुंचे प्रतिभागी

*ग्रैंड फिनाले में न केवल राजधानी रायपुर, बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों और गांवों से आए युवाओं ने भी रैंप पर अपना जलवा बिखेरा। इन प्रतिभागियों ने अपने ड्रेसिंग लुक, वॉक और फिटनेस के जरिए फैशन की दुनिया में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। ग्रामीण अंचल से आए इन युवाओं का आत्मविश्वास और टैलेंट देखते ही बनता था।*

### छत्तीसगढ़ी परिधानों ने मोहा मन, जजेस ने दिए टिप्स



प्रतियोगिता के दौरान छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जब प्रतिभागियों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी परिधानों और वेशभूषा में रैंप वॉक किया तो जजेस और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। ट्रेडिशनल ड्रेस राउंड में युवक-युवतियों ने अपनी संस्कृति को बहुत ही खूबसूरती से पेश किया। रैंप वॉक के बाद जजेस ने प्रतिभागियों की भूमिका केवल निर्णय तक सीमित नहीं रखी, बल्कि एक मेंटर की तरह उन्हें गाइड भी किया। उन्होंने प्रतिभागियों को उनकी कमियों और गलतियों के बारे में बताया, ताकि वे भविष्य में अपने वॉक और प्रेजेंटेशन में सुधार कर सकें।

**समाज लाइव**

## भांगड़ा और गिद्दा से सजी लोहड़ी दी रात, समाज ने मनाया उत्सव



**रायपुर।** सिख समाज ने पारंपरिक उत्सव लोहड़ी का भव्य आयोजन शनिवार की रात अंबुजा मॉल में किया। 'लोहड़ी दी रात' का यह विशेष आयोजन छत्तीसगढ़ सिख संगठन के बैनर तले किया गया। इसमें एक तरफ जहां गीत-संगीत के साथ पारंपरिक भांगड़ा व गिद्दा की धूम रही, वहीं इस आयोजन का हिस्सा बनाने के लिए समाज के लोगों की गरिमामय मौजूदगी ने उत्सव का रूप दिया। इस कड़ी में मिस्टर सिंह, सोहनी जोड़ी, न्यू बॉर्न बेबी जैसी प्रतियोगिताओं ने भी समाज के लोगों को उत्सव का माहौल देने में कोई कसर नही छोड़ी। इस अवसर को खास बनाने में महिलाओं के ग्रुप ने पहले से तैयारी की थी। प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागियों ने समाज से वाहवाही भी लूटी।

### खिलाड़ियों ने किया गतका का प्रदर्शन

इस आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सिख संगठन के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया थे। अध्यक्षता राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने की। छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संरक्षक व पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा विशेष अतिथि रहे। इस मौके पर भांगड़ा, गिद्दा, बोलियां, बच्चों के रैम्प डांस, गतका का विशेष प्रदर्शन किया गया। लोहदी दी रात की श्रृंखला में सभी प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए दर्शकों ने आयोजन को तहेदिल से सराहा। इस उत्सव को सफल बनाने में दलजीत चावला, हरपाल भामरा व टिंकू होरा का विशेष सहयोग मिला।

**सिटी लाइव**

## दिव्यांगों के विवाह से पहले मीटिंग में तय किया दायित्व




**रायपुर।** शहर के बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 28 फरवरी से 16वें राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह का आगाज किया जाएगा। इस दो दिवसीय आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल, मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल और सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की संयुक्त मीटिंग में कई अहम निर्णय लिए गए। साथ ही आयोजन को गरिमामय रूप देने और व्यवस्था बनाने के लिए दायित्व तय करते हुए समितियां बनाई गईं। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि 28 फरवरी एवं एक मार्च को आशीर्वाद भवन में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अब तक लगभग 20 जोड़े तय हो चुके हैं। 23 फरवरी तक और भी जोड़े तय हो जाएंगे।

### 28 फरवरी को आशीर्वाद भवन पहुंचना होगा

संयोजक वीरेंद्र पांडे, सहसंयोजक घनश्याम पोद्दार एवं कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी सेवा में कमी नहीं आने दी जाएगी। सभी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग जोड़े इस सामूहिक विवाह का हिस्सा बन सकें। संतोष तिवारी (पारीक) ने बताया कि आप सभी सोशल मीडिया के जरिए भी क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग जोड़ों का विवाह करवाने का अवसर मिले। अभी विकलांग युवक-युवतियों का पंजीयन जारी है, इसकी अंतिम तिथि 23 फरवरी है। दिव्यांग जोड़ों को 28 फरवरी को सुबह 9 बजे आशीर्वाद भवन पहुंचना होगा। शासन द्वारा नव विवाहित जोड़ों को 50 हजार से एक लाख रुपए तक विवाह प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया है।

**लाइव इवेंट**

## नए सदस्यों ने जाना जेसीआई का वैश्विक नेटवर्क विचारधारा और उद्देश्यों से कराया अवगत



**रायपुर।** जेसीआई सत्र 2026 के अध्यक्ष संतोष रानू कुमार के नेतृत्व में टीम लक्ष्य द्वारा नए सदस्यों के स्वागत एवं संगठनात्मक परिचय को लेकर जेसीआई वर्ल्ड फिस्टा ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक अनूठी वर्ल्ड टूर थीम पर आधारित रहा, जिसमें अमेरिका, चीन, फ्रांस एवं इटली जैसे देशों की संस्कृति, प्रमुख मॉन्यूमेंट्स तथा वहां के पारंपरिक व्यंजनों की जीवंत प्रस्तुति देखने को मिली। विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं गतिविधियों के माध्यम से नए एवं पुराने सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव को भी सशक्त किया गया। ट्विंकल खेमुका पारख ने बताया कि इस अवसर पर संगठन से इस वर्ष जुड़े 33 नए सदस्यों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। ओरिएंटेशन सत्र के माध्यम से नए सदस्यों को जेसीआई संस्था की विचारधारा, उद्देश्य, कार्यप्रणाली, विज़न, नेतृत्व के अवसरों एवं व्यक्तिगत विकास से जुड़े लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस सत्र का प्रभावशाली संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रशांत गोलछा एवं पूर्व अध्यक्ष मोनिश अग्रवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए जेसीआई के मूल मूल्यों को सरल एवं प्रेरणादायक ढंग से प्रस्तुत किया।

भारत विकास परिषद के प्रबुद्धजनों ने सम्पूर्ण शक्ति से राष्ट्र नवनिर्माण का किया आव्हान

# देश-धर्म का मान करें, संस्कृति का सम्मान करें, जीवन सफल बनाए हम...



'देश धर्म का मान करें, संस्कृति का सम्मान करें, जीवन सफल बनाए हम, सब एक नया निर्माण करें, राष्ट्र पुनर्निर्माण करें...' इस गीत की पंक्ति के साथ ही भारत विकास परिषद के सभा में भारत के संपूर्ण विकास का यह भाव एक- एक प्रबुद्धजनों को आंदोलित कर गया।



### भारतीय संस्कृति मूल्यों के संस्कार देते हैं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल सिंह (राष्ट्रीय प्रमुख संपर्क एवं ग्रामीण विकास भारत विकास परिषद दिल्ली) रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में भारत विकास परिषद के उद्देश्य व मुख्य पांच सूत्रों संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रोता में शामिल प्रबुद्धजनों को बताया कि ये सूत्र व्यक्तियों को जोड़ते हैं, उनके बीच सहयोग बढ़ाते हैं, उन्हें भारतीय संस्कृति और मूल्यों के संस्कार देते हैं, निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करते हैं और अंततः राष्ट्र के विकास के लिए पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। भारत विकास परिषद देश व समाज के वंचित वर्ग को मुख्यधारा में जोड़कर उनके जीवन को संबल प्रदान करने का मिशन है।

**रायपुर।** कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग) ने मंच से राष्ट्र निर्माण से ओतप्रोत इस गीत को स्वर दिया। उन्होंने इस गीत में भारत विकास परिषद के सभी प्रबुद्धजनों को सम्पूर्ण शक्ति को साथ लेकर एक दिशा में चलने का अह्वान किया। अवसर था रविवार को वीआईपी रोड स्थित सालासारधाम में प्रबुद्ध नागरिक राष्ट्रीय संवाद के आयोजन का, जिसका विषय राष्ट्र निर्माण में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका रहा। यह आयोजन भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित हुआ।





### जिज्ञासा सत्र में प्रबुद्धजनों के सवाल-जवाब

कार्यक्रम में जिज्ञासा सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें प्रबुद्धजनों ने आपस में भारत के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सवाल-जवाब रखे। इसमें देश के भीतर धर्म परिवर्तन, संस्कारी शिक्षा, संयुक्त परिवार, स्वस्थ सामाजिक वातावरण, व्यापार, न्याय व्यवस्था पर सवाल-जवाब हुए। इसमें मुख्य प्रबुद्धजनों ने मंच से सभा में उपस्थित प्रबुद्धजनों की जिज्ञासा को शांत किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रदेश भर से प्रबुद्धजन शामिल हुए। इसमें प्रमुख रूप से प्रमुख अतिथि के रूप में मीनल चौबे महापौर रायपुर, अध्यक्षता सुनील कोठारी रीजनल अध्यक्ष भारत विकास परिषद मध्यक्षेत्र सहित दीपक लिखमानिया संपर्क प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रांत, विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष संकल्प शाखा, डॉ. राकेश मिश्रा अध्यक्ष मुख्य शाखा और कार्यक्रम के संचालन शिवकुमार रूंगटा उपस्थित रहे।

## देवी मंदिरों में आज से विधिवत होगा गुप्त नवरात्रि का विधान, उपासक करेंगे साधना

शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में सोमवार सुबह से ही विधिवत गुप्त नवरात्रि का विधान शुरू होगा। इस पूजा में गृहस्थ शामिल नहीं होते हैं। यह नवरात्रि खासतौर पर तंत्र-मंत्र, साधना और गुप्त सिद्धियों के लिए उपासकों द्वारा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन दिनों में मां दुर्गा और उनकी महाविद्याओं की सच्चे मन से पूजा करने पर जीवन की बाधाएं दूर और मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**रायपुर।** श्री महामाया देवी मंदिर न्यास के तत्वावधान में 19 से 26 जनवरी तक गुप्त नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। इस श्रृंखला में जहां एक तरफ उपासक गुप्त साधना करेंगे, वहीं गृहस्थ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का हिस्सा बनेंगे। इसका शुभारंभ मंदिर परिसर में किया जाएगा। व्यासपीठ पर मथुरा-वृंदावन के मारुतिनंदनाचार्य वागीश महाराज विराजेंगे। सुबह 9 बजे महामाया देवी मंदिर प्रांगण से पूजा के बाद भव्य शोभायात्रा निकलेगी।




### अंबा मंदिर में गुप्त नियम के साथ भजन

सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में ज्योत अलग से नहीं जलवाई जाती है। इसमें अखंड ज्योत ही उपासना और साधना के लिए उपयोग किया जाता है। गुप्त नवरात्रि में भक्तों की भीड़ नवरात्रि की तरह नहीं होती है, लेकिन, समय और व्यवस्था के अनुरूप आसपास की महिलाएं भजन-कीर्तन की परंपरा निभाती हैं। इस नवरात्रि में की जाने वाली गुप्त पूजा में आमजन शामिल नहीं होते हैं। नौ दिनों में किया जाने वाला पूजा का विधान पूरी तरह से गुप्त ही रखा जाता है। इससे उपासक और साधक ही मनोकामना सिद्धि के लिए जुड़ते हैं।

### इन मंदिरों में की जाएगी विधिवत पूजा

मां काली मंदिर, दंतेश्वरी और कंकाली सहित सिद्धपीठ शीतला मंदिर में भी गुप्त नवरात्रि का विधान किया जाएगा। मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों ने बताया कि इस नवरात्रि में भक्तों की भीड़ नहीं होती है, इसलिए व्यवस्थागत तैयारी की जरूरत नहीं पड़ती है। गुप्त नवरात्रि का विधान उपासकों द्वारा किया जाता है। मनोकामना सिद्धि के लिए भी उपासक गुप्त नवरात्रि में साधना करते हैं। ऐसे लोगों की साधना से भक्त समाज नहीं जुड़ता है। ज्योत-जंवारा का नियम भी इस नवरात्रि में नहीं किया जाता है। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि इस नवरात्रि में की जाने वाली उपासना को साधना सिद्धि के लिहाज से श्रेष्ठ माना गया है।

## नन्हे बच्चों की अनूठी मिसाल, गुल्लक फोड़कर गौ-सेवा के लिए दान की जमा पूंजी





**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित गोदावरी सेवा सदन में संचालित 'प्रहलाद पाठशाला' के बच्चों ने गौ-सेवा की एक प्रेरक मिसाल पेश की है। महंत चिन्मयदास की प्रेरणा से चल रही इस पाठशाला के 4 से 13 वर्ष के लगभग 70 बच्चों ने गुमा बाना स्थित लीलावती भगवान दास गौशाला में जाकर सेवा कार्य किया। इस आयोजन का सबसे भावुक और अद्भुत क्षण वह था जब इन नन्हे बच्चों ने अपने-अपने गुल्लक फोड़कर जमा की गई राशि गौ-माता की सेवा के लिए सामूहिक रूप से दान कर दी। इसके अतिरिक्त बच्चे अपने साथ घर से गुड़, रोटियां, हरी सब्जियां और केले लेकर आए थे, जिसे उन्होंने अपने हाथों से गायों को खिलाया। बच्चों ने नन्हे बछड़ों को स्नेहपूर्वक दूध भी पिलाया।

### भक्तिमय हुआ गौशाला का माहौल

बच्चों ने अपनी मीठी वाणी में भजन-कीर्तन और नृत्य प्रस्तुत कर पूरे गौशाला परिसर को भक्तिमय बना दिया। वहीं, बीमार और पीड़ित गौ-माता को देखकर बच्चे भावुक हो उठे और उनके मासूम हृदयों में गहरी संवेदना दिखाई दी। सभी बच्चों ने भविष्य में भी नियमित रूप से गौ-सेवा में सहयोग देने का संकल्प लिया। यह पाठशाला 'श्री राम कथा समिति' द्वारा संचालित की जाती है, जिसके प्रमुख प्रकाश चंद अग्रवाल, विष्णु गोयल और दामोदर अग्रवाल हैं। पाठशाला का कुशल संचालन प्रियंका अग्रवाल कर रही हैं। इस अवसर पर सुरेश जिंदल, नवल अग्रवाल, नरेश केडिया सहित शहर के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राजधानी में अमावस्या तिथि पर जगह-जगह हिंदू सम्मेलन, वक्ताओं ने किया लोगों को संबोधित

**कार्नर न्यूज**

# हिंदू हमेशा शक्ति और भक्ति का साधक, किसी देश पर आक्रमण नहीं किया, न संस्कृति को नष्ट किया

**रायपुर।** माघ कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि यानी रविवार को शहर में कई जगह विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कड़ी में टैगोर नगर, विप्र नगर बस्ती और यादवपारा जन जागरण चौक के पास भी हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्मानुरागी शामिल हुए। अलग-अलग मंचों से वक्ताओं ने हिंदू सम्मेलन की जरूरत और सनातन से जुड़ी पुरानी मान्यताओं और संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए गौरवशाली इतिहास से धर्म प्रेमियों को जोड़ने का प्रयास किया। इसमें वक्ताओं ने कहा हिंदू समाज ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया और ना किसी संस्कृति को नष्ट किया है। उन्होंने देश की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक शक्ति, ऐतिहासिक संघर्षों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में यह संदेश दिया गया कि भारत ने दुनिया को ज्ञान और विज्ञान ही नहीं, बल्कि अध्यात्म और आधुनिकता दिया है। आर्यावर्त की इस भूमि ने शक्ति और भक्ति को दिशा दिखाई है, जिसने दुनिया की दशा और दिशा बदलने का काम किया है।





### भारत की सभ्यता और संस्कृति आज भी चिरंजीवी

टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाहक चंद्रशेखर देवांगन ने पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद तिवारी, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की अध्यक्ष नीतू सिंह, पंडित दिलीप मिश्रा और त्रिलोकचंद बरड़िया की मौजूदगी में अपनी बात शुरू की। उन्होंने जोर दिया कि हिंदू समाज ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया, किसी संस्कृति को नष्ट नहीं किया और न ही किसी सभ्यता को कुचला। भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम और सद्भाव का संदेश दिया। आठ सौ वर्षों तक मुगलों और अंग्रेजों के आक्रमण झेलने के बावजूद भारत की सभ्यता और संस्कृति आज भी चिरंजीवी हैं।

### इतिहास से नहीं सीखता, उसका अस्तित्व समाप्त



विप्र नगर बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुरा नगर के संघचालक जयनेन्द्र जैन, मुख्य वक्ता संजय तिवारी, मुख्य अतिथि किन्नर अखाड़ा महामंडलेश्वर सौम्या दीदी मंचस्थ रहे। सम्मेलन में सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना जैसे अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। संत वेदप्रकाश महाराज विशेष रूप से शामिल हुए। मुख्य वक्ता संजय तिवारी ने कहा कि भारत ने दुनिया को ज्ञान और विज्ञान दिया। आधुनिकता और अध्यात्म दिया। सम्मेलन में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि जो राष्ट्र इतिहास से नहीं सीखता, उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है, जबकि जो राष्ट्र इतिहास से सीखकर आगे बढ़ता है, वही विश्व का मार्गदर्शन करता है। आगे कहा कि जब-जब हिंदू समाज कमजोर हुआ है, तब-तब देश विभाजित हुआ है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ को फिर राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया तीरंदाजों ने



**रायपुर।** मणिपुर इंफाल में अंडर-19 एसजीएफआई स्कूल नेशनल गेम 14 से 18 जनवरी तक चल रहे हैं। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए महासमुंद की पदमा साहू और राजनांदगांव के रुस्तम साहू की मिक्स टीम की जोड़ी ने महाराष्ट्र और केरल के टीम को हराते हुए ब्रांज मैडल में जीत दर्ज कर इतिहास बना दिया है। यह पहली बार है जब आधुनिक उपकरण कम्पाउंड में छत्तीसगढ़ की मिक्स टीम में रुस्तम साहू और पदमा साहू ने मेडल जीता है। पदमा साहू ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी ब्राऊंश मैडल के साथ कुल 2 मैडल जीते हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारतीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, महासचिव आयुष मुरारका ,राजनांदगांव के कोच हीरु साहू और अन्य ने हर्ष जताया है।

### खेलमंत्री को पेंचाक सिलाट की उपलब्धि बताई खिलाड़ियों ने



**रायपुर।** भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से दूसरे खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन 5 से 10 जनवरी तक दमन एंड दीव में किया गया।प्रतियोगिता में पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट में छत्तीसगढ़ के 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें बिलासपुर के शेख अरबाज अली ने कांस्य पदक प्राप्त किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग, महासचिव शेख समीर के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव से खिलाड़ियों ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें स्पर्धा की जानकारी साझा की। साव ने विजेता खिलाड़ी व शामिल सभी खिलाड़ियों का हौसला अफ़ज़ाई करते हुए बेहतर प्रदर्शन पर संघ से जुड़े सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

### एलिट ग्रुप में चल रहे हैं आखिरी राउंड के मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत अंतिम राउंड के दूसरे दिन के खेल में दर्शकों को रोमांचक मैच देखने को मिला। धमतरी में टीम बीएसपी के विरुद्ध बिलासपुर ने एक पारी एवं 65 रन से जीत हासिल कर सात अंक प्राप्त किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के विरुद्ध बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी 261 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीसीए पहली पारी 195 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी एक विकेट पर 37 रन बनाए।

साइंस कॉलेज राजनांदगांव में टीम रायपुर विरुद्ध कांकेर में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर टीम पहली पारी में 467 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कांकेर ने पहली पारी 9 विकेट पर 210 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम रायपुर ब्लू की टीम ने राजनांदगांव के विरुद्ध पहली पारी 191 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव पहली पारी 275 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में रायपुर ने ब्लू दूसरी पारी 4 विकेट पर 117 रन बनाए।

### राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ अंतिम आठ में



**रायपुर।** 51वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी चैम्पियनशिप विजयवाड़ा मे जारी है। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम 8 मे अपना स्थान तय किया है। जहां छत्तीसगढ़ का मुकाबला साईं के टीम से होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, प्रमोद चौधरी, निरंजन सिन्हा, कोमल मरावी, महासचिव प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष सेवाराम साहू, संगठन सचिव ओम प्रकाश देवांगन, संयुक्त सचिव चोखलाल पटेल, लोकनाथ निषाद, राम प्रकाश पटेल और रण शाह मंडावी ने हर्ष जताया है।

#### ठंड का आपके फेफड़ों पर भी होता असर


# अस्थमा की समस्या है तो इस मौसम में रहें सचेत,बढ़ सकती हैं आपकी दिक्कतें

सर्दियों का ये मौसम आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चे-बुजुर्ग और कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के शिकार लोगों को ठंडक से बचाव करते रहना बहुत जरूरी हो जाता है। गिरता तापमान ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोगों से लेकर सांस की समस्याओं के शिकार लोगों की दिक्कतों को बढ़ाने वाला हो सकता है। यही कारण है कि इस मौसम में लोग अधिक बीमार पड़ते हैं। ऐसे में अगर आपको भी इस तरह की कोई दिक्कत है तो सावधान हो जाने की आवश्यकता है।

सर्दियों का मौसम सांस के रोगियों जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस या फिर निमोनिया जैसी बीमारियों के शिकार लोगों के लक्षणों को बढ़ाने वाली हो सकती है। हवा में शुष्की और ठंडक के कारण श्वसन तंत्र की समस्याओं के शुरू होने का भी खतर हो सकता है। आइए जानते हैं कि ठंड का मौसम किस प्रकार से श्वसन समस्याओं के शिकार लोगों के लिए समस्याकारक है और बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है?

## ठंड के मौसम में अस्थमा की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अस्थमा के शिकार लोगों के लिए ये जानना जरूरी है कि किन चीजों से आपकी समस्या ट्रिगर हो सकती है। पर्यावरणीय एलर्जी, बीमारी या तापमान में परिवर्तन इनमें से प्रमुख है। कई लोग बताते हैं कि सर्दियों के महीनों के दौरान उनके लक्षण बढ़ जाते हैं। मौसम में बदलाव, हवा में शुष्की के कारण आपके वायुमार्ग में जलन हो सकती है, जिसमें वायुमार्ग की परत में सूजन बढ़ने लगती है। यह जलन-सूजन अस्थमा के लक्षणों को बदतर बना देती है। रोगी को सीने में जकड़न, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और घरघराहट जैसी दिक्कतें होने लगती हैं।



## सर्दियों में बढ़ सकती हैं श्वसन समस्याएं

श्वसन रोग विशेषज्ञ बताते हैं, न केवल अत्यधिक गर्मी और ठंड आपके अस्थमा को ट्रिगर करती है, बल्कि तापमान में अचानक बदलाव के कारण भी दिक्कतों के बढ़ने का खतरा रहता है।

मौसम में बदलाव के अलावा सर्दियों के महीने आमतौर पर श्वसन वायरस में वृद्धि वाले भी होते हैं, जो अस्थमा रोगियों के लिए ट्रिगर होते हैं। इस मौसम में आरएसवी, फ्लू, सामान्य सर्दी और कोविड-19 जैसे संक्रमण के कारण भी अस्थमा पीड़ितों की समस्या बढ़ सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि सर्दियों के महीनों के दौरान वायरल संक्रमण 60 से 70% तक अस्थमा के जोखिमों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।



## क्या है डॉक्टर्स की सलाह?

डॉ. सलाह देते हैं कि जब मौसम बदलता है तो अस्थमा या सांस के अन्य रोगियों को अपने पल्मोनोलॉजिस्ट की सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि ठंड से बचाव करते रहें, दवाओं में लापरवाही न करें। सर्दियों में गर्म कपड़े पहनें, विशेष रूप से मुंह, नाक और सिर के आसपास के हिस्सों को अच्छी तरह से ढक कर रखें। किसी भी जटिलता से बचाव के लिए इनहेलर हमेशा अपने पास रखें।



## इन बातों का रखें ध्यान

डॉक्टर कहते हैं, सर्दियों के दौरान अस्थमा के ट्रिगर होने का एक कारण इनडोर प्रदूषण भी हो सकता है। न केवल ठंड का मौसम अस्थमा से पीड़ित लोगों के लिए खतरा है, बल्कि सर्दियों के महीनों में अक्सर घर के अंदर रहना भी इस समस्या को बढ़ा सकता है। अस्थमा से पीड़ित लोगों के लिए धूल के कण और फफूंदी जैसे इनडोर ट्रिगर भी होते हैं। इससे बचने के लिए कमरे में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था रखें, बहुत देर से हीटर जलाकर न रखें ये भी समस्याकारक हो सकती है।

# सर्द हवाओं में ये सूप बॉडी को रखेंगे गर्म



सर्दियों में सूप पीना अच्छा लगता है, इसलिए हम रोजाना कुछ ना कुछ ट्राई करते हैं। ऐसे में अगर आप डिफरेंट रेसिपी तलाश रहे हैं, तो इन्हें जरूर आजमाइए।

## मनचाव सूप

वैसे तो सूप की बहुत सारी वैरायटी मौजूद है, जिसे हम अपनी पसंद के हिसाब से ट्राई कर सकते हैं।आपको मनचाव सूप ट्राई करना चाहिए, इसकी रेसिपी हम आपके साथ साझा कर रहे हैं। बता दें मनचाव सूप न सिर्फ अच्छा होता है, बल्कि बनाने में भी आसान है। सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्रियों को निकालकर रखें। फिर तमाम सब्जियों के छिलके उतारकर अच्छी तरह से धो लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब एक गैस पर पैन गर्म करने के लिए रखें और सभी सब्जियों को डालकर हल्का फ्राई करें। लगातार चलाते रहें और पानी डालकर थोड़ी देर के लिए रख दें। फिर इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर, सॉस और सभी सामग्रियों को डाल दें। पकाकर अच्छी तरह से चलाएं और पानी डालकर नमक डाल दें। अब ऊपर से सभी सामग्रियों को डालें और अच्छी तरह से उबालकर गाढ़ा करें। बस आपका सूप बनकर तैयार है।

## टमाटर का सूप

सबसे पहले टमाटर धोकर बड़े-बड़े टुकड़ों में काट लें। अब एक बर्तन में दो कप पानी डालें और हल्की आंच पर उबाल लें। पीनी उबालने के बाद टमाटर डालकर लगातार चलाते हुए पकाएं। जब टमाटर अच्छी तरह नर्म होकर पक जाएं, यानी पानी गाढ़ा हो जाए तो गैस बंद कर दें। अगर आपको जल्दी है तो फिर आप कुकर में पानी और टमाटर डालकर दो सीटी लगा लें। आपका काम बहुत आसान हो जाएगा। टमाटर को निकालकर ठंडे पानी में डालें और फिर छिलका उतार लें। अगर टमाटर ज्यादा पक गए हैं, तो छलनी से छानकर अलग बाउल में रख दें। इसके बाद अच्छी तरह पीस लें और अगर सूप गाढ़ा है तो पानी डाल दें। पानी डालने के बाद गैस पर रखें और एक उबाल आने पर सूप में चीनी, मक्खन, काला नमक,काली मिर्च पाउडरऔर नमक मिलाकर 7 से 8 मिनट तक पकाकर आंच बंद कर दें।

## ब्रोकोली और व्हाइट चॉकलेट सूप

ज्यादातर लोग अपनी प्लेट पर ब्रोकोली देखकर अपनी नाक भौं सिकोड़ लेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं ब्रोकोली से हम आपके लिए स्वादिष्ट सूप तैयार कर सकते हैं। इसका स्वाद ऐसा है कि आप बार-बार बनाना पसंद करेंगे। सूप बनाने के लिए सबसे पहले गैस पर कुकर को धोकर रख दें। फिर इसमें एक चम्मच बटर डालें और प्याज डालकर हल्की आंच पर लगातार चलाएं। फिर लहसुन को डालें और खुशबू आने के बाद लौकी और ब्रोकोली डालें और सभी मसाले डालकर लगातार चलाते रहें।

# घर में आते ही होने लगती है टेंशन, कहीं ये वास्तु दोष तो नहीं



ऐसा कई बार होता है कि घर में घुसते ही हमें टेंशन होने लगती है। इसके पीछे कई बार कुछ वास्तुदोष भी जिम्मेदार हो सकते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए घर दुनिया में सबसे अधिक रिलैक्सिंग प्लेस होता है। आप पूरा दिन चाहे जितना घूमें, लेकिन जब आप घर जाते हैं तो आपको बेहद ही सुकून महसूस होता है। घर में घुसते ही आधी थकान तो यूं ही गायब हो जाती है। लेकिन कुछ लोगों के साथ ऐसा भी होता है कि उन्हें घर में घुसते ही एक अजीब सी टेंशन होने लगती है।

जैसे ही वे घर के अंदर आते हैं, उन्हें एक अजीब सी नेगेटिविटी का अहसास होता है और ऐसे में उनका घर के अंदर रुकने का मन ही नहीं करता है। अगर वे घर के अंदर रहते भी हैं तो भी उन्हें एक अजीब सा स्ट्रेस होने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हो रहा है तो यह घर के वास्तुदोष के कारण हो सकता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ। आनंद भारद्वाज आपको ऐसे कुछ वास्तुदोष के बारे में ही बता रहे हैं, जो घर में घुसते ही आपके मन में टेंशन का कारण बन सकते हैं-

## बहुत अधिक अंधेरा होना

अगर आपके घर में घुसते ही एंट्रेस पर बहुत अधिक अंधेरा है तो यह एक तरह की नेगेटिविटी क्रिएट करता है। इससे व्यक्ति का मन घर के अंदर आने का करता ही नहीं है। वह वापिस घर से बाहर जाना चाहता है। यह उसे एक अजीब तरह ही टेंशन देता है। इतना ही नहीं, घर की एंट्रेस की दीवारों पर सीलन या चटका हुआ प्लास्टर भी बिल्कुल अच्छा नहीं माना जाता है।



# गतका में जलवा दिखा रहे विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी

**रायपुर।** राजधानी के सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में चल रही 69वीं राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता (बालक बालिका) 17 वर्ष आयु वर्ग में खिलाड़ियों के बीच रविवार को शानदार कशमकश देखने को मिली। सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ इस प्रतियोगिता में आज मैच की संख्या को देखते हुए दो मैदान बनाए गए जिसमें एक इनडोर हॉल और दूसरा आउटडोर में बनाया गया। बालक बालिका वर्ग में प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें इवेंट और विजेताओं के नाम जारी किए गए।

## फर्री सोटी (व्यक्तिगत ) बालक वर्ग

आंध्र प्रदेश के खुशबू गणेश ने तेलंगाना के जसराज को 6/5 से हराया। पंजाब के बलराज ने झारखंड के शौर्य को 18/7 से व गुजरात व सीबीएससी के मध्य बाई हुआ। जिसमें गुजरात के कुलदीप आगे बढ़े वहीं जम्मू कश्मीर के प्रभजोत ने चंडीगढ़ के जगजीत को 18/12 से हराया मध्य प्रदेश के प्रेकत ने विद्या भारती के देवराज को 23/16, से वह बिहार के आकाश में तमिलनाडु के रोहित को 20/7 से हराया और छत्तीसगढ़ के गुरदास ने उत्तर प्रदेश के आर्यन को 34/18 से हराया। दिल्ली को आखिरी मैच में बाय मिला। यह सभी प्रथम राउंड के मैच थे। इसी वर्ग के रविवार को हुए सेमीफाइनल में



पंजाब के बलराज ने जम्मू कश्मीर के प्रभजोत को 20-15 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली के आकाश ने बिहार के मेहप्रीत को 16/8 से हराया। फाइनल मैच पंजाब और दिल्ली के मध्य खेला गया जिसमें पंजाब के मेहप्रीत ने दिल्ली के बलराज को 17/10 से हराया


## बालिका वर्ग, सिंगल सोटी (व्यक्तिगत स्पर्धा)

क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ और जम्मू कश्मीर के बीच हुए मैच में चंडीगढ़ की हरमनप्रीत ने नवप्रीत को हरा विजेता रही स्कोर 44/11 है। वहीं छत्तीसगढ़ की नीतू ने तमिलनाडु की धन्या को 32/19 से हराया। दिल्ली के मैहप्रीत ने सीबीएसई के वि। कृष्ण को 24/ 12 से हराया, वहीं पंजाब की तमन्ना ने मध्यप्रदेश की त्रिशा को 34/6 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसी वर्ग में प्रथम सेमीफाइनल चंडीगढ़ के हरमन और छत्तीसगढ़ के नीतू के बीच हुआ जिसमें नीतू ने 35-21 से हरमन को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

## बालिका सिंगल सोटी टीम इवेंट

छत्तीसगढ़ से रोशनी हर्षित और नीतू ने दिल्ली के डेजी मनप्रीत और मैंह्प्रीत को 91/43 से हराया और फाइनल में जगह पक्की की। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब और तमिलनाडु के बीच मुकाबले में पंजाब की तरफ से तमन्ना हरलीन और रुसलिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु के मुहील, मोनिका और धन्यश्री को 112/33 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। इसी वर्ग का फाइनल में छत्तीसगढ़ और पंजाब के बीच खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की ओर से रोशनी हर्षित और नीतू को पंजाब के तमन्ना हरलीन और रसलिन से 100/51 के अंतर से हारकर उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ और पंजाब को विजेता होने का गौरव मिला।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वर्ल्ड टूर पर निकलेगा बीटीएस के-पॉप ग्रुप, दुनियाभर के शहरों में देंगे परफॉर्मेंस



मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस जल्द ही वर्ल्ड टूर पर निकलने वाला है। यह दुनियाभर के कई देशों में परफॉर्म करेगा। हालांकि इसके शेड्यूल में भारत का नाम नहीं है।

दुनियाभर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस इस साल अप्रैल में अपने एल्बम के रिलीज होने के बाद एक बड़े वर्ल्ड टूर पर निकलेगा। इस ग्रुप में आरएम, जिन, सुगा, जे-होप, जिमिन, वी एंड जुंगकोक हैं। अपने दौरे के दौरान ये ग्रुप टोक्यो, बुसान, लास वेगास, लंदन, टोरोंटो, शिकागो, बैंकॉक और कुआलालंपुर में परफॉर्म करेगा। ग्रुप के टूर मार्च 2027 तक होंगे। उम्मीद की जा रही थी ग्रुप का टूर भारत में होगा। हालांकि उनके शेड्यूल में भारत का नाम नहीं है। उम्मीद है कि यह ग्रुप भविष्य में जिन शहरों में परफॉर्म करेगा, उनकी घोषणा करेगा। हो सकता है कि भारत का नाम भी इसमें हो। पिछले तीन वर्षों में, ग्रुप के सदस्य एक ब्रेक पर थे, क्योंकि उन्होंने साउथ कोरिया में अपनी जरूरी मिलिट्री सर्विस पूरी करनी थी। इसके बाद एल्बम और कॉन्सर्ट जैसे सोलो प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जुलाई 2025 में, एक लाइव ब्रॉडकास्ट पर, ग्रुप ने 2022 के बाद पहली बार पब्लिक में आकर बताया कि वे फिर से एक साथ आएंगे और मिलकर म्यूजिक पर काम करेंगे। तब से फैंस उनके म्यूजिक रीयूनियन की खबरों का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस महीने की शुरुआत में, बीटीएस ने अपने पांचवें फुल लेंथ एल्बम के साथ वापसी की घोषणा की। यह एल्बम 20 मार्च 2026 को रिलीज होने वाला है और इस एल्बम के सपोर्ट में एक बड़ा वर्ल्ड टूर भी होगा। पांच बार ग्रैमी में नामांकन हासिल कर चुके बीटीएस ने पिछले दशक में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है ।

### टॉलीवुड

## लंबा हुआ प्रभास के फैंस का इंतजार, अब मार्च में होंगे दीदार



संदीप रेड्डी वांगा की प्रभास स्टारर फिल्म 'स्पिरिट' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। नए साल के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी करके फैंस को चौंका दिया था। इसके बाद से ही फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टी-सीरीज की ओर से 'स्पिरिट' को लेकर आज एक पोस्ट किया गया। इस पोस्ट में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है। मेकर्स ने स्पष्ट कर दिया कि 'स्पिरिट' 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जाहिर की इस रिलीज डेट के सामने आने के बाद इस साल फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस को थोड़ा झटका जरूर लगा है। 1 जनवरी को नए साल के मौके पर मेकर्स द्वारा फिल्म का फर्स्ट लुक जारी करने के बाद फैंस को उम्मीद जगी थी कि फिल्म इसी साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। लेकिन आज मेकर्स ने ये स्पष्ट कर दिया कि अभी फिल्म के लिए एक साल से भी ज्यादा का इंतजार करना पड़ेगा। 1 जनवरी को नए साल के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया था। इसमें प्रभास और तृप्ति साथ में नजर आए थे। इसमें प्रभास शर्टलेस होकर दूसरी तरफ मुंह करे खड़े हुए हैं। उनकी पीठ पर कई जगह पट्टी बंधी हुई है और चोट के निशान नजर आ रहे हैं। बड़े बाल, आंखों पर चश्मा और मुंह में सिगरेट लगाए हुए प्रभास का साइड लुक भी काफी दमदार लग रहा है। जबकि तृप्ति लाइटर लिए प्रभास की सिगरेट जला रही हैं। दोनों का ये फर्स्ट लुक काफी वायरल हुआ था। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में पहले प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली थीं। लेकिन 8 घंटे काम की शिफ्ट को लेकर रखी गई मांग के चलते दीपिका इस फिल्म से बाहर हो गईं।

### भोजपुरी

## 'साजन का घर प्यारा लगे' का हुआ मुहूर्त पारिवारिक कहानी लुभाएगी दर्शकों को




पटना के किदवईपुरी में एक भव्य समारोह के दौरान आगामी फीचर फिल्म 'साजन का घर प्यारा लगे' का मुहूर्त विधि-विधान के साथ हुआ। निर्माता डॉ. एन होडा और कमरुल खान की इस फिल्म का निर्देशन युवा निर्देशक अभिषेक तिवारी कर रहे हैं। मुहूर्त के दौरान निर्देशक अभिषेक तिवारी ने फिल्म की कहानी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सिनेमा आम ढर्रे से हटकर होगा। उन्होंने कहा, ३यह फिल्म मुख्य रूप से दो महिलाओं की कहानी है। इसमें रिश्तों की अहमियत, विश्वास और अपनों के बीच पनपते दुराव (अलगाव) की भावना के द्वंद्व को बेहद संजीदगी से दिखाया जाएगा। यह एक ऐसी फिल्म होगी जिससे हर परिवार जुड़ाव महसूस करेगा।३फिल्म के निर्माताओं ने जानकारी दी कि 'साजन का घर प्यारा लगे' की शूटिंग आगामी 15 मार्च से शुरू की जाएगी। फिल्म को विजुअली रिच बनाने के लिए इसकी शूटिंग बिहार के ऐतिहासिक स्थलों गया और बोधगया के अलावा राज्य के विभिन्न खूबसूरत लोकेशन्स पर की जाएगी। मुहूर्त के इस शुभ अवसर पर फिल्म जगत, साहित्य और मीडिया से जुड़ी कई मशहूर हस्तियां मौजूद रहीं और उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथियों में प्रोफेसर जय देव, निर्देशक प्रशांत रंजन, लेखक-निर्देशक कुमार सरोज, लेखक-निर्देशक रितेश परमार, अभिनेत्री माही खान, अभिनेता सुजीत सुगना, अभिनेता शुभम दुबे, समाचार प्रस्तोता हर्ष चौधरी, निर्माता सुबीर कुमार और यशवंत कुमार शामिल थे।

## लाइफ स्टाइल



'आग' लगाता लाल

यूरोपियन फैशन शो में मॉडल रनवे पर स्प्रिंग समर फैशन कलर ट्रेंड्स पहन रही हैं। यहां फायर इंजन रेड आत्मविश्वास बढ़ाने वाला सबसे अच्छा शेड है। इसने चैनल और स्टेला मैककार्टनी के कैटवॉक पर धूम मचा दी है। यह बोल्ड है, यह स्टेटमेंट बनाने वाला है, और, लिसा के अनुसार, यह डरावना नहीं लगना चाहिए। लिसा का मानना है कि बोल्ड रंग डरावने नहीं लगने चाहिए।

## चेहरे पर नहीं नजर आएंगी झुर्रियां जब इस फूल की पत्तियों का करेंगी इस्तेमाल



चेहरे पर जब झुर्रियां नजर आने लगती हैं तो इससे हमारा कॉन्फिडेंस लो हो जाता है। इसलिए आपको समय रहते इसको सही करने का नुस्खा ट्राई करना चाहिए। आप चाहे तो गुलाब की पत्तियों से फेस पैक तैयार (स्किन केयर रूटीन) कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको गुलाब की पत्तियों को तोड़कर पानी से साफ कर लें। अब इसे एक मिक्सी में 1 चम्मच एलोवेरा जेल डालकर अच्छे से पीस लें। इसके बाद छलनी की मदद से छान लें। फिर जो इसमें से थीक पेस्ट निकलेगा उसे चेहरे पर लगाएं। करीब 30 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से चेहरे को साफ कर लें। इस तरीके से आपका चेहरा साफ हो जाएगा, साथ ही झुर्रियों की समस्या दूर हो जाएगी। अगर आपको झुर्रियों को कम करना है तो इसके लिए गुलाब (स्किन केयर टिप्स) की पत्तियों से टोनर तैयार करें। इसे बनाने के लिए पत्तियों को अच्छे से पीस लें और इसका पानी अलग कर लें। चेहरे की झुर्रियों को कम करने और त्वचा को जवां बनाए रखने के लिए गुलाब की पत्तियां (गुलाब जल, पंखुड़ियों का पाउडर) बहुत फायदेमंद हैं, क्योंकि इनमें विटामिन सी और ए जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कोलेजन बढ़ाते हैं, त्वचा को नमी देते हैं और कसाव लाते हैं, जिससे झुर्रियां और फाइन लाइन्स कम होती हैं; आप इन्हें फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में बेसन, मुल्तानी मिट्टी, ग्लिसरीन के साथ मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं.

### गुलाब की पत्तियों के फायदे

एंटी-एजिंगः विटामिन ए और सी से भरपूर होने के कारण ये झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करती हैं और कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देती हैं। त्वचा को टाइट करेः त्वचा को कसाव देकर युवा बनाए रखने में मदद करती हैं। ठंडक और फ्रेशनेसः त्वचा को तुरंत ठंडक और ताजगी देती हैं। दाग-धब्बे हटाएः दाग-धब्बे, टैनिंग और पिगमेंटेशन को कम करती हैं। प्राकृतिक टोनरः गुलाब जल प्राकृतिक टोनर के रूप में त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करता है।

गुलाब पत्ती फेस पैकः सूखी गुलाब की पंखुड़ियों का पाउडर, बेसन और मिल्क पाउडर मिलाकर फेस वॉश या पैक बनाएं।

## देसी लुक को बनाना है खास तो चुनें स्टाइलिश डिजाइंस




स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको बॉडी टाइप और लुक के अनुसार ही ब्लाउज को चुनना चाहिए। साड़ी से लेकर लहंगे तक के साथ कई तरह के ब्लाउज को पहना जाता है और इसमें आपको कई रेडीमेड डिजाइंस भी देखने को मिल जाएंगे। वहीं हम अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए फंक्शन के हिसाब से ब्लाउज को चुनते हैं। खासकर हल्दी लुक के लिए कई बार हम ब्लाउज चुनते समय काफी कंफ्यूज हो जाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं हल्दी लुक को खास बनाने के ब्लाउज के ये स्टाइलिश डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के ये आसान टिप्स-



### क्रॉप टॉप स्टाइल ब्लाउज डिजाइन

धोती स्टाइल लुक को हल्दी फंक्शन में कैरी करने का सोच रही हैं तो इस तरीके से आप क्रॉप टॉप स्टाइल ब्लाउज को पहन सकती हैं। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप दुपट्टे की जगह श्रग या केप स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो ब्लाउज के लिए बैकलेस डिजाइंस को चुनें। आप चाहे तो इस तरह के ब्लाउज में लेस वर्क करवा सकती हैं।



### प्लेन ब्लाउज डिजाइन

इस तरह का ब्लाउज आप हैवी वर्क वाली साड़ी या लहंगा स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। इस लुक के साथ आप कोशिश करें कि ज्वेलरी को हैवी डिजाइन की चुनें। ऐसा करने से आपका लुक स्टाइलिश और हल्दी लुक के लिए परफेक्ट नजर आएगा। बालों के लिए फ्रंट ब्रेड हेयर स्टाइल करें। इस तरह के ब्लाउज को सिलवाने के लिए आप साटन का फैब्रिक चुन सकती हैं।

### मिरर वर्क ब्लाउज डिजाइन

हल्दी लुक में सबसे ज्यादा मिरर वर्क के डिजाइन वाले ब्लाउज को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। बोल्ड लुक पाने के लिए आप बैक के डिजाइन के लिए डोरी लगवाकर इसमें लटकन स्टाइल कर सकती हैं।

## गुलाब की तरह सुर्ख हो सकते हैं आपके होंठ



होंठों की त्वचा बहुत ज्यादा नाजुक और पतली होती है। आपकी जरा-सी लापरवाही या अन्य किसी भी फैक्टर के कारण होंठ सूखने और फटने लगते हैं। यदि आप होंठों पर बार-बार जीभ लगाते हैं या फिर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते, तो भी होंठ फटते हैं। नारियल का तेल आपके फटे हुए होंठों का इलाज कर सकता है। इसके लिए पहले कच्ची हल्दी को आंच में सेक लें और फिर उसे एक कटोरी में कद्दूकस कर लें। नारियल के तेल को गुनगुना करें और इसे हल्दी में डालकर मिला लें। इसके बाद तेल में शहद और एलोवेरा जेल मिलाकर मिक्स करें। इस लिप मास्क को एक गिलास कंटेनर में स्टोर करके फ्रिज में रख सकते हैं। सबसे पहले एक कटोरी में चीनी और नींबू का रस डालकर स्क्रब बनाएं। अपने होंठों पर यह स्क्रब लगाकर हल्के हाथों से 1 मिनट रगड़ें और फिर टिश्यू से साफ कर लें। यदि होंठ ज्यादा फटे हैं, तो बहुत तेज स्क्रब करने से बचें। इसके बाद लिप मास्क को अपने होंठों पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। गुनगुने पानी में साफ कपड़ा भिगोएं और निचोड़ लें। उससे होंठों को साफ कर लें। इस मास्क को हर दूसरे दिन अपने होंठों पर लगाकर अच्छे रिजल्ट पाएं।

## फिश कट लहंगा अपनाएं दुपट्टे के साथ, निखरेगा लुक

शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में हर कोई अपने लिए लेटेस्ट डिजाइन के कपड़ों की शॉपिंग कर रहा है। किसी को डिजाइनर साड़ी पहनने का मन है तो कोई लेटेस्ट डिजाइन के लहंगा वियर करना चाहता है। आजकल लहंगा डिजाइन में सबसे ज्यादा ट्रेंड में है फिश कट लहंगा। ये दिखने में काफी स्टाइलिश होता है और बिना दुपट्टे के आप इसे आसानी से वियर कर सकती हैं। लेकिन अगर आपको दुपट्टा लेना जरूरी है तो यहां बताए गए हैक्स आपको ट्राई करने चाहिए ताकि आप दुपट्टा भी पहन सके और लुक भी खराब न हो।



### कैप स्टाइल में दुपट्टा करें ड्रेप

अगर आपको फिश कट लहंगा में दुपट्टा स्टाइल करना है तो इसे आप कैप स्टाइल में ड्रेप कर सकती हैं। ये श्रग जैसे लुक देगा। इसके लिए आपको दुपट्टे को पीछे कंधे पर पिन की मदद से सेट करना है। अब जो आगे कॉनर दिए गए हैं उन्हें हाथों के बीच में से निकालकर सेट करना है। इस तरीके से कैप स्टाइल दुपट्टा आप फिश कट लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### प्री ड्रेप साड़ी स्टाइल में करें वियर

फिश कट लहंगा वियर करने के बाद आपकी बॉडी शेप काफी अच्छी (पल्लू बनाने का तरीका) लगती है। ऐसे में आप इसे छुपाने की बजाए प्री ड्रेप साड़ी की तरीके से दुपट्टा स्टाइल करके हाईलाइट कर सकती हैं। इसके लिए आपको जैसे पल्लू की प्लीट्स बनाते हैं वैसे इसे पिन करना है। फिर इसे पीछे कमर पर टक करना है। अब इसे खुला छोड़ने की बजाए प्लीट्स बनाकर पिन की मदद से पिन करना है ताकि ये आपके पूरे लुक को खराब न करें। इस तरीके से आप दुपट्टे को ड्रेप कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

कुछ नया करना तो ये आउटफिट आपके काम के हैं

## स्टाइल चाहते हैं तो अपनाइए आउटफिट कॉम्बिनेशन इन्हें पहनकर आप भी दिखा सकते हैं अपना जलवा

जनवरी माह समाप्ति की ओर है और आगे फरवरी है। ऐसे में वेलेंटाइन वीक का यूथ को इंतजार रहता है। प्यार करने वाले तोहफा खरीदने से लेकर खुद को तैयार करने में व्यस्त हो जाते हैं। क्योंकि ऐसे मौसम में खुद को स्टाइलिश कौन नहीं बनाना चाहेगा। ऐसे बहुत से लड़के हैं, जो अपनी स्टाइल के साथ कुछ नया करना चाह रहे होंगे! इनकी मदद से अपने आप को स्टाइलिश बना सकते हैं।

### ब्लेजर, सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज

अभी सर्दी पूरी तरह गई नहीं है। इसलिए स्टाइल के साथ-साथ ठंड से भी बचना जरूरी है। आपका ऐसे वक्त में लेयरिंग करना सही साबित हो सकता है। इससे आपका लुक निखरेगा और सर्दी से भी बच सकते हैं। आपको इसके लिए बस इन तीन चीजों को पहनना होगा। ब्लेजर, सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज को पहनें। इसके लिए ध्यान रखें कि ब्लेजर और पैंट की मैचिंग परफेक्ट हो। इसके साथ कोई सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज पहन सकते हैं।



इसके साथ मेटल चेन भी अच्छी लगेगी।

### हूडीज, जींस और व्हाइट स्नीकर

अगर आपको फंकी लुक अच्छा लगता है तो इस तरह के गेटअप में जाएं। ये परफेक्ट लुक देने के लिए काफी है। हूडीज, जींस और व्हाइट स्नीकर को पहनकर भी डेट पर जा सकते हैं। मगर ध्यान रखें कि कलर बहुत चटख नहीं होना चाहिए। क्योंकि वैसे रंग के कपड़ों को पहनकर डेट पर जाना सही नहीं माना जाता है।

### चिनोज, शर्ट और लोफर

अगर आप जींस, शर्ट और स्नीकर नहीं पहनना चाहते हैं तो ये आउटफिट कॉम्बिनेशन सही रहेगा। इस तरह के लुक में आप बहुत स्टाइलिश नजर आएंगे। बस आपकी मैचिंग सही होनी चाहिए। तब जाकर परफेक्ट लुक मिल सकता है। चिनोज, शर्ट और लोफर पर पर्सनैलिटी निखरकर आती है। आप इस ड्रेस में बेहद अट्रैक्टिव और कूल दिखेंगे। अगर आपको ऐसा लुक चाहिए तो फिर इस तरह से अपने वार्डरोब को रिफ्रेश करें।

### कैजुअल पैंट, टी-शर्ट और स्नीकर्स

अगर आपको अधिक कपड़े पहनने पसंद नहीं हैं तो ऐसे में क्या करें। इसके लिए आपको कैजुअल पैंट, टी-शर्ट और स्नीकर्स कैरी करना चाहिए। इस तरह के लुक में भी डेट पर जा सकते हैं। हां, मगर इस तरह के ड्रेस को पूरे आत्मविश्वास के साथ पहनें। ऐसे आउटफिट के साथ अपनी कलाई को सूनी न रखें। एक स्पोर्ट वॉच या लेदर बेल्ट वॉच पहन सकते हैं।

### जींस, टी-शर्ट, डेनिम जैकेट और स्नीकर्स

अगर चटख कलर को भी पहनना है तो इस तरह से कैरी करें। जैसे कि यहां पर विकी कौशल ने किया है। सिंपल जींस, सॉलिड टी-शर्ट और मस्टर्ड कलर की जैकेट पहनें। इसमें आप क्या गजब के दिखेंगे। वाकई इस लुक में आपको देखकर देखने वाला इंप्रेश हो सकता है। यहां पर बताए गए आउटफिट कॉम्बिनेशन उन पुरुषों के लिए हैं जो वेलेंटाइन डे पर डेट के लिए जाना चाहते हैं।

